जबलपुर
शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026
- आश्विन मास कृष्ण पक्ष-6
- वर्ष : 21 अंक : 150
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खास खबर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आज भले ही इस दुनिया में नहीं हैं,लेकिन उनके विचार अमर हैं। उनकी अहिंसावादी सोच पूरी दुनिया के लिए नजीर है। आज लोकतंत्र को लेकर कई तरह के आरोप प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। ऐसी स्थिति में गांधीवादी विचारक वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र को किस नजर से देखते हैं। आज महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर उनके विचारों को 'हरिभूमि' ने प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

गांधीवादियों की नजर में लोकतंत्र के मायने

लोकतंत्र का मतलब केवल बहुमत साबित करना नहीं होता, डिजिटल युग में 'अहिंसावादी' होना भी जरूरी

महात्मा गांधी के पोते

लोकतंत्र का मतलब केवल बहुमत साबित करना नहीं होताः राजमोहन

गांधीवादी विचारक और महात्मा गांधी के पोते राजमोहन गांधी ने वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में लोकतंत्र की आत्मा को बचाने के लिए नागरिक अधिकारों और सामाजिक बंधुत्व की रक्षा को अनिवार्य बताया है। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना और बहुमत साबित करना नहीं है।



प्रसिद्ध इतिहासकार

विविधता और सहिष्णुता ही भारत की असली पहचानः रामचंद्र गुहा

प्रसिद्ध इतिहासकार और गांधीवादी विचारक रामचंद्र गुहा ने कहा है कि भारत की वास्तविक ताकत उसकी धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता में निहित है। देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता और सर्वधर्म समभाव को अक्षुण्ण



प्रसिद्ध समाजशास्त्री

नैतिक अंतःकरण से खत्म होगा भ्रष्टाचारः आशीष नंदी

प्रसिद्ध समाजशास्त्री और गांधीवादी विचारक आशीष नंदी का कहना है कि समाज में भ्रष्टाचार की समस्या केवल कड़े कानूनों या प्रशासनिक पुलिसिंग से खत्म नहीं हो सकती। उनके अनुसार, वास्तविक सदाचार और ईमानदारी की नींव व्यक्ति के नैतिक अंतःकरण और आत्म-नियंत्रण (स्वराज) में निहित है।



गांधीवादी विद्वान

डिजिटल युग में अहिंसा अपनाना जरूरीः त्रिदीप सुहृद

गांधीवादी विद्वान त्रिदीप सुहृद का मानना है कि अहिंसा कोई निष्क्रिय विचार या राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि सत्य की खोज और जीवन जीने का एक समग्र नैतिक दर्शन है। आधुनिक युग में डिजिटल माध्यमों और जनसंवाद में बढ़ती नफरत और ध्रुवीकरण को रोकने के लिए वाणी और आचरण में अहिंसा को अपनाना सबसे अनिवार्य आवश्यकता है।



प्रसिद्ध लेखिका

विपक्ष का विवेक ही सच्चा राजधर्मः रजनी बक्षी

प्रसिद्ध लेखिका और गांधीवादी विचारिका रजनी बक्षी के अनुसार, लोकतंत्र में राजधर्म का अर्थ केवल सत्ता चलाना नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और नागरिक भलाई को सर्वोपरि रखना है। उनका मानना है कि सच्चा राजधर्म सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के साझा विवेक से संचालित होता है, जहां शासन का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति की सुरक्षा और कल्याण होना चाहिए।



Dish
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैनल देखो
TATA PLAY पैनल न. 1155 | airtel पैनल न. 366

खबर संक्षेप

कमर्शियल गैस सिलेंडर 65 रुपए महंगा

भोपाल। तेल कंपनियों ने 1 अक्टूबर से 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। मप्र में कीमत 62.50 से 65 रुपए तक बढ़ी है। भोपाल में अब सिलेंडर 2815 रुपए में मिलेगा। लगातार दूसरे महीने दाम बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे और कैटरिंग कारोबारियों की लागत बढ़ेगी। इसका असर खानपान की कीमतों पर भी पड़ सकता है।



अर्टिगा से टकराकर पलटी स्कूल वैन, 8 बच्चे घायल

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के गढ़ा रोड पर गुरुवार को बच्चों से भरी निजी स्कूल की वैन और अर्टिगा कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वैन पलट गई। वैन में सवार आठ बच्चे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने वैन से बच्चों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से मेडिकल अस्पताल पहुंचाया।



वायरल गर्ल की जन्मतिथि बदलने का आदेश निरस्त

इंदौर। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने महेश्वर की वायरल गर्ल के जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि बदलने के नगर परिषद के आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने 31 मार्च 2026 को जारी आदेश को रद्द करते हुए कहा कि जन्मतिथि में बदलाव से हित प्रभावित हो सकते हैं। उसे सुने बिना रिकॉर्ड में संशोधन करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है।



बालाघाट में मृत आदिवासी बच्चों के परिजनों से मिले सांसद राहुल गांधी

राहुलः वंचितों को न हक मिला न मुआवजा भाजपाः क्या राहुल कभी कांवरे के घर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

आदिवासियों के बहाने भाजपा और कांग्रेस में सियासी गर्माहट तेज हो गई है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है

मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में सियासत गर्म है। गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बालाघाट के जगला गांव पहुंचे। जहां बीमारी के चलते कुछ आदिवासी बच्चों की मौत हो गई थी। बच्चों को खोने वालें परिवारों से राहुल गांधी मिले और उन्होंने संवेदनाएं व्यक्त की। उनसे बातचीत के बाद राहुल ने पत्रकारों से बात करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि यहां न तो आदिवासियों को हक मिला है और न ही मुआवजा। यहां तक की इलाज की ठीक से व्यवस्था नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने तत्काल पलटवार करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि राहुल गांधी को आरोप लगाने से पहले खुद के गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि कांग्रेस सरकार में उन्ही के मंत्री रहे लिखीराम कांवरे की नृशंस हत्या कर दी गई तब क्या राहुल गांधी ने उनके घर जाकर संवेदनाएं व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा कि कुपोषण और बीमारी के कारण बच्चों की मौत हुई है।

राहुल ने कहा

कांग्रेस की सरकार आने दीजिए खुलकर मदद करेंगे बिल लेकर आएंगे आदिवासियों के हक के लिए काम करेंगे



पीड़ित परिवारों से बातचीत करते हुए

सांसद ने कहा- आदिवासियों को देश के बीचों बीच छोड़ दिया गया है मानो उनके लिए न तो केंद्र सरकार है और न ही मध्य प्रदेश सरकार

लाड़लियों को नहीं मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

राहुल गांधी ने कहा कि एक और बात है। अगर किसी महिला को एक सरकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है, तो लाड़ली बहना योजना का पैसा काट लिया जाता है। अगर सरकार दो योजनाएं चला रही है, तो लोगों को दोनों योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

लोकसभा में उठाएंगे मुद्दा

राहुल गांधी बोले मैं विपक्ष की तरफ से, कांग्रेस पार्टी की ओर से कहना चाहता हूं कि आप अपना काम कीजिए। शिक्षा दीजिए, अस्पताल दीजिए, इनका जो हक वो दीजिए। हमने तो उनसे कहा है कि जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम इनकी मदद करेंगे। हम बिल लाएंगे। हम इनकी शिक्षा में विश्वास करते हैं।

बिप्लब देब और हेमंत खंडेलवाल ने राहुल गांधी से मांगे जवाब

केवल भाजपा से सवाल न करें नक्सलवाद और कांग्रेस के शासनकाल का हिसाब भी जनता को दें

भोपाल। दो दिनों के लिए भोपाल आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी कांग्रेस से कई सवालों के जवाब मांगे। पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि राहुल गांधी बालाघाट में हैं, उनका स्वागत है। लेकिन, आदिवासी समाज के बीच जाकर उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में आदिवासी क्षेत्रों के विकास और वहां की समस्याओं के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए। देब ने कहा कि राहुल गांधी केवल भाजपा से सवाल न करें, कांग्रेस के शासनकाल का हिसाब भी जनता को दें। जिन समस्याओं को लेकर वे आज सवाल उठा रहे हैं, उनके समाधान के लिए कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में क्या किया, यह भी जनता के सामने स्पष्ट करें।



हेमंत खंडेलवाल, बिप्लब देब

भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने की पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक

गुटबाजी और नाराजगी तीन माह में खत्म करने का अल्टीमेटम



पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए

- समझाने के बाद भी कोई नहीं मानता है तो सूची प्रदेश नेतृत्व और प्रभारी को भेजने की सलाह
- होर्डिंग और बैनर में नेताओं की बड़ी तस्वीरों की बजाय केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार कीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश संगठन की मजबूती और आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर भाजपा एक्शन मोड में नजर आ रही है। प्रदेश कार्यालय में भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब की मौजूदगी में गुरूवार को हुई बैठक में इसका असर भी देखने को मिला है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने गुटबाजी और नाराजगी को लेकर नेताओं को अल्टीमेटम भी दिया है।

दरअसल, देब ने अपने पहले संगठनात्मक दौरे में प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक ली। संभाग और जिला प्रभारियों से चर्चा के दौरान उन्होने गुटबाजी और नाराजगी तीन महीने में समन्वय और बातचीत के माध्यम से दूर करने की सलाह दी है।

जेसीबी से फूल बरसाना तत्काल बंद करें

प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब होर्डिंग-बैनरों सहित जेसीबी से फूल बरसाने की संस्कृति पर भी समझाइश दी है। उन्होने कहा कि कहा नेताओं के स्वागत में जेसीबी से फूल बरसाने की संस्कृति तत्काल बंद करिए। बड़ी मालाओं और दिखावे की जगह सादगी अपनाइए। होर्डिंग और बैनर में नेताओं की बड़ी तस्वीरों की बजाय केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार कीजिए।

एशियन गेम्स पुरुष हॉकी सेमीफाइनल

पाक को रौंदकर भारत फाइनल में पहुंचा, अभिषेक ने पलटी बाजी



जीत का जश्न मनाते हुए

एजेंसी ▶▶ नागोया

एशियन गेम्स 2026 के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में भारत ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 59 मिनट तक दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंतिम मिनट में अभिषेक ने गोल कर भारत को जीत दिला दी। अभिषेक का यह गोल मैच खत्म होने से 49.2 सेकंड पहले आया।

पाकिस्तान को 4-3 से हराया, अब मलेशिया से होगा खिताबी मुकाबला

नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

आज भोपाल आएंगे अमित शाह कल गोपालकों से करेंगे संवाद



डेयरी प्लांट का शुभारंभ समेत कई कार्यक्रम में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार 2 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे भोपाल आएंगे और होटल ताज में रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार 3 अक्टूबर को उनका दिन भर विभिन्न सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में व्यस्त कार्यक्रम रहेगा। वे लगभग 23 घंटे राजधानी में रह कर रात 8 बजे भोपाल से रवाना होंगे। शाह भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में शामिल होकर उनसे संवाद करेंगे। इसमें प्रदेशभर से 35 हजार से अधिक गोपालक और दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्य शामिल होंगे।

पीएम मोदी से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



2027 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री को किया आमंत्रित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, निवेश और प्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष में मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया।

नाविक ने दूसरी नाव में पहुंचाया यात्रियों को

ओंकारेश्वर के गोमुख घाट के सामने हुआ हादसा

नर्मदा के बीच नाव में लगी भीषण आग, 6 यात्रियों को सुरक्षित बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में गुरुवार सुबह नर्मदा नदी के बीच उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यात्रियों को लेकर जा रही एक नाव के पेट्रोल इंजन में अचानक आग लग गई। हादसा ओंकारेश्वर थाना क्षेत्र में गोमुख घाट के सामने करीब 11 बजे हुआ। नाविक की सूझबूझ से नाव में सवार सभी छह यात्रियों को समय रहते दूसरी नाव में सुरक्षित पहुंचा दिया गया। घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है।



इंजन जब्त कर जांच के निर्देश

घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद की सीएमओ मोनिका पारधी ने नाव के इंजन को तत्काल जब्त करने के निर्देश दिए हैं। नगर परिषद की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि इंजन में तकनीकी खराबी के कारण आग लगी या इसकी कोई अन्य वजह थी।

फ्लाईदुबई की फ्लाइट बचाने वाले कैप्टन स्मित मछार एयरलिफ्ट कर दुबई लाए गए

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत को कैप्टन मछार पर गर्व इजराइल के पीएम नेतन्याहू और ट्रंप ने भी की सराहना

को-पायलट ने चाकू से किया था हमला, विमान को करीब 14 हजार फीट नीचे गिराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार को एयरलिफ्ट कर दुबई के अस्पताल लाया गया है। हमले में गंभीर रूप से घायल कैप्टन मछार अब खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों से मिले हैं। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत दीपक मित्तल ने गुरुवार को दुबई में उनके परिवार से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



स्मित मछार

गुजरात के मूल निवासी कैप्टन स्मित मछार अनुभवी कमर्शियल पायलट

13 साल से ज्यादा का उड़ान अनुभव

गुजरात के मूल निवासी कैप्टन स्मित मछार अनुभवी कमर्शियल पायलट हैं। उनके पास बोइंग-737 उड़ाने का 13 साल से ज्यादा का अनुभव है। पिछले चार साल से वह फ्लाईदुबई में कमांडर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इससे पहले उन्होंने गुरुग्राम में विमान उड़ाने की ट्रेनिंग ली और स्पाइसजेट में 10 साल से अधिक समय तक काम किया। हजारों घंटे की उड़ान और संकट के समय त्वरित निर्णय लेने का उनका अनुभव इस घटना में यात्रियों के लिए बेहद अहम साबित हुआ।



पीएम मोदी ने की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी की जमकर तारीफ की। एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि कैप्टन स्मित मछार एक हीरो हैं।

नेतन्याहू और ट्रंप ने बताया 'सच्चा हीरो'

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी भारतीय पायलट को सलाम किया। उन्होंने लिखा कि भारतीय पायलट कैप्टन स्मित की असाधारण बहादुरी को मेरा सलाम। उन्होंने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताते हुए उनके जल्द और पूरी तरह ठीक होने की कामना की।



नेतन्याहू और ट्रंप

राहुल ने फॉर्म-6 को लेकर उठाए सवाल

किसके आदेश पर यह बदलाव शुरू किया गया, चुनाव आयोग में किसने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को यह बदलाव करने का आदेश दिया...?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फॉर्म-6 को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पूछा है कि फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर आदेश किसने दिया? राहुल ने लिखा है कि फॉर्म-6 में गैरकानूनी तरीके से बदलाव किया गया। चुनाव आयोग के आयुक्तों ने भी इस पर आपत्ति जताई है। राहुल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को लेकर भी सवाल उठाया। राहुल ने पोस्ट में कहा, चुनाव आयोग में किसने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को यह बदलाव करने का आदेश दिया? टीसीएस में किसने इस पर हस्ताक्षर किए? क्या टीसीएस पर दबाव डाला गया था?

राहुल ने लिखा है कि फॉर्म-6 में गैरकानूनी तरीके से बदलाव किया गया। चुनाव आयोग के आयुक्तों ने भी इस पर आपत्ति जताई है। राहुल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को लेकर भी सवाल उठाया



जयराम का दावा- 'पीएम-एचएम की जोड़ी' ने यह कराया

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने दावा किया कि फॉर्म-6 में यह बदलाव 'पीएम-एचएम की जोड़ी' द्वारा कराया गया था। राहुल की पोस्ट को टैग करते हुए रमेश ने कहा, 'फॉर्म-6 में बदलाव जुलाई 2026 के मध्य में मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा असंवैधानिक तरीके से किए गए। जेन-जी के मतदाताओं को सूची से हटाया जा सके।

चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 में किया बड़ा बदलाव

चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर चुके राज्यों में फॉर्म-6 में बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब एसआईआर में नाम कटने के बाद दोबारा नाम जुड़वाने के लिए 2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी नहीं देनी होगी।

भाजपा नेता चंद्रशेखर बोले

राहुल को बताया भारतीय राजनीति में 'सबसे बड़े धोखेबाज़' व अप्रामाणिक नेता

वरिष्ठ नेता भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर निर्वाचन आयोग और सरकार पर राहुल गांधी द्वारा निशाना साधे जाने की



आलोचना करते हुए उन्हें 'भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा धोखेबाज' और 'अप्रामाणिक राजनेता' करार दिया। राहुल झूठ और गलत सूचनाओं के सहारे राजनीति करते हैं। यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल न तो धर्मनिरपेक्षता के रक्षक हैं और न ही संविधान के। वे केवल अपने परिवार के हितों के रक्षक हैं।

मतदाता सूची से 45 लाख नाम अवैध तरीके से हटाने की 'साजिश' हो रही

सीएम शिवकुमार का मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर धरना

बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया कि राज्य में जारी एसआईआर के तहत सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाने के लिए लोग अलग-अलग नामों से कई आवेदन कर रहे हैं।



शिवकुमार ने एसआईआर को 'बड़ा फर्जीवाड़ा' भी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस साजिश में शामिल है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची से 'अल्पसंख्यकों, दलितों और एसटी मतदाताओं' के नाम हटाना है। उन्होंने दावा किया कि सीईसी की जानकारी के बिना इस तरह से 'अवैध' तरीके से मतदाताओं के नाम हटाना संभव नहीं है। जब तक इस मामले में जांच के आदेश नहीं दिए जाते, वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अनबक्कुमार के कार्यालय में ही बैठे रहेंगे।

खबर संक्षेप

कल से शुरू होगी उदयपुर-सूरत वंदे भारत

नई दिल्ली। गुजरात और राजस्थान के बीच मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा



में भारतीय रेल एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारतीय रेल का पश्चिम रेलवे जोन गुजरात के सूरत और राजस्थान के उदयपुर के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने जा रहा है। ये नई वंदे भारत ट्रेन 3 अक्टूबर से कमर्शियल सर्विस शुरू करेगी। शेड्यूल जारी किया है।

जहाज में चोरी का प्रयास गैस से 4 की मौत

मुंबई। मुंबई के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी झंडे वाले एक जहाज में कथित तौर



पर चोरी के प्रयास के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया घटना दो से तीन दिन पहले हुई । उन्होंने बताया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण जहाज चार महीने पहले तट के पास फंस गया था।

30 सप्ताह के गर्भ को खत्म करने की अनुमति

कोच्चि। केरलम उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म पीड़िता 15 वर्षीय एक किशोरी की मां की याचिका पर



सुनवाई करते हुए उसके 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति हरिशंकर वी मेनन ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया।

युकां, एसएफआई के 160 लोगों पर केस

तिरुवनंतपुरम। यहां के पलायम इलाके में हुई झड़प के बाद पुलिस ने गुरुवार को केएसयू/युवा कांग्रेस



और एसएफआई/ डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए। एसएफआई ने केरलम में युवा कांग्रेस और पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार रात यहां केएसयू/युवा कांग्रेस के मार्च में व्यापक हिंसा हुई थी।

ऑनलाइन डिलीवरी एप के स्टोर में भीषण आग

गाजियाबाद । काला पत्थर रोड स्थित नीति खंड-1 में गुरुवार को ऑनलाइन डिलीवरी एप के स्टोर में



अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बराबर की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे आसपास के दुकानदारों और लोगों में अफरा-तफरी मच गई।दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया।

प्रधानमंत्री ने यूपीएससी के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया, बोले

सरकार माई-बाप नहीं, नागरिक देवो भव है यूपीएससी के नए दौर का मंत्र

भारत मंडपम में किया गया आयोजन प्रधानमंत्री ने दी अहम सलाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया और अफसरों को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2 दिनी कार्यक्रम में इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम है ,जिसमें यूपीएससी के इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक घटना घटी और भारत के कैप्टन स्मित ने जिस प्रकार से धैर्य, सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। इस हिंदुस्तानी ने 9/11 होने से बचा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे यहां गैलरी देख रहे थे तो उन्होंने देखा कि 1920 में सुभाष चंद्र बोस भी इसी प्रक्रिया से गुजरे थे। उन्होंने कहा कि मेरा इस बात पर ध्यान गया कि उस समय अंग्रेजों की हुकूमत थी लेकिन संस्कृत का पेपर हुआ करता था और सुभाष बाबू ने संस्कृत में पेपर लिखा है।

■ 2 कसौटियों को याद रखें हिदायत दी

राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए सरदार पटेल को किया नमन

आज के ऐतिहासिक अवसर पर पीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद उनके सामने केवल एक देश को आजाद रखने की चुनौती नहीं थी बल्कि उनके सामने एक राष्ट्र को चलाने की चुनौती भी थी। राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस स्किल फ्रेम की जरूरत थी, वो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिया। आजाद भारत का एक प्रमुख स्तंभ बनाया, इसे सशक्त किया।



नागरिक की सेवा को सर्वोपरि रखें ये देवता से कम नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अतीत का वो दौर देखा है, जब माना जाता था कि सरकार ही माई-बाप है लेकिन आज का ये दौर नागरिक देवो भव का है। देश का नागरिक हमारे लिए किसी देव से कम नहीं है। हमारे लिए नागरिक की सेवा सर्वोपरि है। आज का भारत, एक नई कार्य-संस्कृति के साथ बढ़ रहा है।

प्रोफेशनल्स ऐसे हों जो गरीबों का दर्द समझें

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत है जिनमें गरीबों का दर्द समझने की संवेदनशीलता हो, जो समस्या के समाधान में इनोवेटिव हों और देश की जरूरतों को समझते हों। ऐसे प्रोफेशनल्स जो यह सुनिश्चित करें कि कानूनों का पालन हो लेकिन यह भी समझें कि कोई विशेष कानून लोगों के लिए अच्छा है या नहीं। कैपेसिटी बिल्डिंग पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीएससी और राज्यों के चयन आयोगों की कैपेसिटी बिल्डिंग का काम भी निरंतर होते रहना चाहिए। मिशन कर्मयोगी के तहत जो आईगोट प्लेटफॉर्म बनाया गया है, उसका उपयोग अंदरूनी व्यवस्थाओं और टीम की क्षमता बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है।

युवा विकास में अहम भूमिका निभाएं, नेशन फर्स्ट, सीटिजन फर्स्ट

युवाओं की भर्ती पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप जिन युवाओं की भर्ती कर रहे हैं, वो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और वही विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी होने वाले हैं। हमें दो कसौटियों को हमेशा याद रखना है। एक- नेशन फर्स्ट, दूसरी-सीटिजन फर्स्ट। यही दो कसौटियां हैं, जिन पर हर सेलेक्शन को कसा जाना है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे युवाओं को पब्लिक सर्विस में लाना होगा जो पब्लिक ऑफिस से नहीं बल्कि पब्लिक सर्विस से आकर्षित हों। इसलिए जरूरी है कि भर्ती परीक्षा सिर्फ यह न परखे कि उम्मीदवार कितना जानता है बल्कि यह भी देखे कि वह युवा सिविल सर्विस में आना क्यों चाहता है।

आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा, रिफॉर्म पर काम करें

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को हमेशा याद रखना है कि आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा है।युवाशक्ति से राष्ट्रशक्ति के निर्माण का जो मिशन है, आप उसका एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। बीते वर्षों में आपने इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई भी है। देश तेजी से रिफॉर्म एक्सप्रेस पर आगे बढ़ रहा है, इस पर काम करें।

किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया

प्रधानमंत्री ने आयोग की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्था में उसके योगदान को रेखांकित किया। संघ लोक सेवा आयोग ने 1 अक्टूबर 2026 को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे किए। इस अवसर पर भारत मंडपम में दो दिवसीय शताब्दी समारोह 'मंथन' आयोजित किया गया। आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर 1926 को हुई थी। इस दौरान किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया। यूपीएससी ने सिविल सेवाओं के लिए निष्पक्ष और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

पंजाब की राजनीति में उलटफेर

राजा वड़िंग ने दिया इस्तीफा अपने बायो में बदलाव किया

बुधवार रात की थी इस्तीफे की पेशकश



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को वड़िंग ने अपने एक्स अकाउंट के बायो में बदलाव किया और खुद को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पूर्व अध्यक्ष बताया।

इसी के साथ पंजाब में चर्चा शुरू हो गई है कि पार्टी का नया अध्यक्ष कौन होगा? बुधवार देर रात को वड़िंग ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफे की पेशकश की थी। वडिंग को पंजाब इकाई के अध्यक्ष पद से हटाने का फैसला किए जाने के बीच वडिंग ने 'एक्स' पर अपने परिचय में बदलाव कर 'पूर्व पीपीसीसी अध्यक्ष' लिखा। पंजाब विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं और उससे पहले प्रदेश इकाई में कई सप्ताह से जारी अंदरूनी कलह के बीच कांग्रेस ने वडिंग को बदलने का फैसला किया। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

आलाकमान ने हटाने का किया था फैसला

इससे पहले,पद से हटाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर वडिंग ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। वडिंग ने यहां संवाददाताओं से कहा मैं अभी इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पंजाब प्रभारी महासचिव सचिन पायलट द्वारा संगठन से ली गई प्रतिक्रिया के बाद वडिंग को पद से हटाने का किया गया। बताया जा रहा पंजाब प्रभारी नियुक्त किए गए पायलट ने राज्य के पार्टी नेताओं के साथ कई दौर की बैठकें कीं और इसके बाद पार्टी आलाकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपी, ताकि नेतृत्व में बदलाव पर फैसला लिया जा सके। चर्चा है कि कांग्रेस आलाकमान ने वडिंग को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी।

सर्वमान्य नेता की तलाश की जा रही

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी पिछले कई दिनों से राज्य में नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा कर रही थी कांग्रेस ऐसे नेता को नियुक्त करना चाहती है जो 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के विभिन्न गुटों को साथ लेकर चल सके। पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला आगामी चुनाव से पहले इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूर्व ओलंपियन और जालंधर कैंट से विधायक परगट सिंह, पूर्व विधायक राणा केपी सिंह, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा के नाम भी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में हैं।

मुंबई उच्च न्यायालय का सवाल

मुंडवा भूमि सौदे में पार्थ पवार को लाभ नहीं हुआ, 99% हिस्सेदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से मौखिक रूप से पूछा कि क्या उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के



बेटे पार्थ पवार मुंडवा भूमि सौदा मामले में लाभार्थी नहीं हैं, जबकि सरकारी जमीन को भारी रियायती कीमत पर खरीदने वाली कंपनी में उनकी 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राज्यसभा सदस्य पार्थ 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' में बहुसंख्यक हिस्सेदार हैं। इस कंपनी ने पुणे के पॉश मुंडवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन उसके वास्तविक मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी थी।

न्यायमूर्ति माधव जामदार ने कहा कि कंपनी में एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्ति को मामले में आरोपी बनाया गया है, लेकिन जांच में पार्थ पर कोई बात नहीं की गई है। उनका नाम नहीं लिया गया है। अदालत ने यह सवाल पुणे के तहसीलदार सूर्यकांत येवले को गिरफ्तारी से पहले जमानत देते हुए उठाया।

सीजेपी का आज मुंबई में प्रदर्शन

शिवाजी पार्क में दीपके के साथ नहीं होंगे पार्टी के 'बड़े चेहरे'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को प्रदर्शन का ऐलान किया है।



सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए सी जे पी आंदोलन करने जा रही है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने अभी तक प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है, लेकिन सीजेपी शाम 4 बजे गेट नंबर 6 पर बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित होने के लिए कह रही है। संयोजक अभिजीत दीपके, सह संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास भी मुंबई पहुंच चुके हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन का अहम चेहरा था, लेकिन मुंबई में साथ नहीं दिखेंगे। ये नैतिक रूप साथ हैं और कई लोग दिल्ली में ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले हैं। इनमें सोनम वांगचुक,मोहम्मद जुनैद,नेहा बोरा और योगेंद्र यादव शामिल हैं। ये आंदोलन का हिस्सा नहीं होंगे, फिर भी समर्थन करते रहेंगे।

एफसीआरए बिल पर वेणुगोपाल ने उठाए सवाल

जेपीसी के कामकाज पर जताई चिंता लोकसभा स्पीकर को पत्र भी लिखा

इसका संवैधानिक अधिकारों पर होगा बड़ा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर 'फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल, 2026' की जांच कर रही जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (जेपीसी) के कामकाज पर चिंता जताई है। उन्होंने इस पर व्यापक बातचीत की मांग की है। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में वेणुगोपाल ने एफसीआरए बिल, 2026 पर जेपीसी के कामकाज को लेकर लोकसभा स्पीकर को लिखे पत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक बेहद संवेदनशील बिल है, जिसका अल्पसंख्यकों और सिविल सोसाइटी समूहों के संवैधानिक अधिकारों पर व्यापक असर पड़ेगा।

क्या व्यापक फीडबैक और जांच प्रक्रिया अपनाई गई?

उन्होंने कहा कि जेपीसी का मकसद सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेना और दोबारा पेश करने से पहले



ड्राफ्ट बिल की बारीकी से जांच करना था। वेणुगोपाल ने सवाल किया कि क्या व्यापक फीडबैक और जांच प्रक्रिया अपनाई गई है? हमारा मानना है कि जेपीसी से निकलने वाला कोई भी बिल त्रुटिहीन होना चाहिए और संसद को यह भरोसा होना चाहिए कि यह एक सघन परामर्श प्रक्रिया से गुजरा है। ऐसा सुनिश्चित किए बिना जोपीसी का कोई महत्व नहीं है और संसद के साथ धोखा है।

गांधी जयंती... अहमदाबाद में निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा

गांधी आश्रम में बनेंगे 23 म्यूजियम, विशेष डिजाइन होगी

कमेटी में राजनेता से लेकर बड़े शिक्षाविद शामिल किए गए

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नए गांधी आश्रम का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। परिसर में बनने वाले 23 संग्रहालयों को डिजाइन करने का ठेका म्यूजियम स्टूडियो को दिया गया है। यह जानी-मानी वैश्विक कंपनी है। पेरिस मुख्यालय वाली म्यूजियम स्टूडियो की 46 देशों में मौजूदगी है। कंपनी इस प्रोजेक्ट पर टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी इकोफर्स्ट सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर काम करेगी। इसके तहत ऐतिहासिक साबरमती आश्रम का पुनर्विकास, संरक्षण और विस्तार किया जाएगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री की निगरानी में आगे बढ़ रही है।

गांधी ने साबरमती नदी के किनारे 60 एकड़ जमीन खरीदी थी



गांधी ने साबरमती नदी के किनारे 60 एकड़ जमीन खरीदी थी। यह जमीन केंद्रीय जेल और श्मशान घाट के बीच स्थित थी। 1917 में गांधी जी इस आश्रम में रहने आ गए थे। इसी साल गांधी ने बिहार के चंपारण से अपना पहला बड़ा सत्याग्रह शुरू किया था।

'पुरानी' चीजों का इस्तेमाल

इन इमारतों को पुराने समय में इस्तेमाल की गई उन्हीं सामग्रियों से तैयार किया जा रहा है। इनमें ईंट, सागौन की लकड़ी और चूने का प्लास्टर शामिल है। इन्हें जोड़ने उड़द का पेस्ट, गुड़ और मेथी के बीज के मिश्रण का इस्तेमाल किया जा रहा है।

विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

गांव स्तर पर शासन सुधारों, विकास प्राथमिकताओं पर होगा मंथन

नई दिल्ली। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि दो अक्टूबर को देशभर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गांव स्तर पर शासन संबंधी सुधारों, प्रमुख सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष ग्राम सभाओं के साथ जन योजना अभियान 2026-27 'सबकी योजना, सबका विकास' की शुरुआत भी होगी। ग्राम पंचायतें अपनी विकास योजनाएं तैयार करेंगी। ग्राम सभा की चर्चाओं में नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा।

सीईसी विवाद के बीच बड़ा कदम

एसआईआर पूरा, ओडिशा के सीईओ ने भेजा वीआरएस पत्र

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

देश के सीईसी और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच ओडिशा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) आर. संथान गोपालन ने स्वैच्छिक से वा नि वृ त्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है। उन्होंने इसके पीछे निजी और स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है और कहा है कि उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृति का एसआईआर प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है। गोपालन



ने राज्य में एसआईआर पूरा होने के एक हफ़्ते बाद, बुधवार को अपना वीआरएस आवेदन सौंपा है। तमिलनाडु के रहने वाले गोपालन जुलाई 2024 से ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उनके पास आबकारी विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी है। उन्हें जून 2028 में सेवानिवृत्त होना था। उन्होंने कहा है कि वीआरएस लेने का उनका फैसला राज्य में एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित नहीं है।

भारतीय कैप्टन ने विमान में दिखाया अदम्य साहस, प्लंबर से सीईओ तक बने संकटमोचक

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

दुबई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई के विमान एफजेड1073 की उड़ान में हवा के बीच हुए हमले के दौरान कॉकपिट में कैप्टन स्मित मच्छार और ओमानी सह-पायलट के बीच संघर्ष हुआ। चाकुओं के वार झेलने के बावजूद बुरी तरह से घायल हुए कैप्टन ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। उन्होंने गिरने से पहले कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया था। इसी बीच जब कॉकपिट खुला तो लहूलुहान कैप्टन को देख सभी यात्री सहम गए। इनमें चार यात्री तुरंत स्मित की मदद के लिए पहुंचे। इजराइल के राष्ट्रपति ने कैप्टन स्मित मच्छार के साहस, दृढ़ता और उन कदमों के लिए आभार जताया, जिनसे कई लोगों की जान बचाने में मदद मिली। चार यात्रियों यानिव हयून, ज्विका मानेस, असफ राजुआन और डॉक्टर शोटा मुसायेव के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।

फ्लाईदुबई उड़ान हादसा

विमान में यात्रा कर रहे दो वैकल्पिक पायलटों ने भी बाद में कॉकपिट की कमान संभाली और विमान को सुरक्षित लैंडिंग तक पहुंचाया



इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यानिव हयून

प्लंबर यानिव हयून ने सबसे पहले हमलावर को पकड़ा

यात्री यानिव हयून पेशे से प्लंबर हैं। उन्होंने कॉकपिट में ओमानी सह-पायलट को देखा और उसे विमान के नियंत्रण से छेड़छाड़ करते हुए पाया। उन्होंने हमलावर को पकड़ लिया और उसे कॉकपिट से बाहर खींचने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने दूसरे यात्रियों को बुलाया और सभी ने मिलकर उसे जमीन पर दबोच लिया। हयून का काम यहीं खत्म नहीं हुआ। वह दोबारा कॉकपिट में पहुंचे, क्योंकि विमान अभी भी नियंत्रण खो रहा था। उन्होंने बताया कि वह टीवी पर एयर क्रैश इन्वेस्टिगेशन कार्यक्रम देखते हैं। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने विमान के नियंत्रण को संभालने की कोशिश की और विमान को सीधा करने में मदद की।

बैंक सीईओ मानेस ने हेडफोन की केबल से बांधे हाथ

ज्विका मानेस बैंक ल्यूमी की अंडरराइटिंग कंपनी के सीईओ हैं। उन्होंने बताया कि वो भी कॉकपिट की ओर जाने वाले यात्रियों में शामिल थे। उन्होंने दूसरे यात्रियों के साथ मिलकर ओमानी सह-पायलट को पकड़ने और काबू करने में मदद की। हमलावर लगातार छूटने की कोशिश कर रहा था, इसलिए यात्रियों ने उसे बांधने के लिए विमान में दिए गए मल्टीमीडिया हेडफोन की केबल का इस्तेमाल किया। कुछ यात्रियों ने दरवाजों को रोका और हमलावर को काबू में रखने में मदद की।

घटना की गहना जांच करेगा यूएई

इस जांच का सिरा संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई से जाकर जुड़ा है, यही वजह है कि उन्होंने इसकी गहन जांच का भरोसा दिया है। गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने एक बयान जारी किया। इसके अनुसार, यूएई के अटॉर्नी-जनरल, काउंसलर डॉ. हमद अल शम्सी ने घटना की परिस्थितियों और कारणों की जांच के लिए पब्लिक प्रॉसिक्यूशन के खास सदस्यों की एक टीम बनाने का आदेश दिया है।

इंश्योरेंस एजेंसी मालिक ने भी हमलावर को दबोचा

असफ राजुआन छुट्टी मनाकर थाईलैंड से लौट रहे थे। विमान का नियंत्रण खत्म हो रहा था इसे देखकर वे कॉकपिट की तरफ पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि कई यात्री हमलावर को काबू करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने ज्विका मानेस और दो अन्य यात्रियों के साथ मिलकर ओमानी सह-पायलट को पकड़ने में मदद की। राजुआन के अनुसार, यात्रियों और चालक दल ने करीब 50 मिनट तक हमलावर को काबू में रखा और विमान को सऊदी अरब में उतारने तक स्थिति संभाले रखी।

दंत चिकित्सक ने घायल कैप्टन को प्राथमिक उपचार दिया

शोटा मुसायेव पेशे से दंत चिकित्सक हैं। उन्होंने भी पायलट को देखकर कॉकपिट की तरफ दौड़ लगाई। शुरुआत में उन्होंने हमलावर को काबू करने में मदद की। जब सह-पायलट को बांध दिया गया तो मुसायेव ने घायल भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार की तरफ ध्यान दिया। उनके मुताबिक, कैप्टन के सिर और हाथों से काफी खून निकल रहा था। मुसायेव ने प्राथमिक उपचार देते हुए खून बहना रोकने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि वह विमान में मौजूद एकमात्र डॉक्टर थे।

ये रहा था पूरा घटनाक्रम

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई फ्लाइट में ओमानी को-पायलट ने भारतीय कैप्टन पर चाकू से हमला किया। 30 सेकंड में विमान 14,000 से 17,000 फीट तक नीचे आ गया। यात्री हवा में उछले। जख्मी हालत में कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोला। तीन इजराइली यात्रियों ने हमलावर को काबू किया।

खबर संक्षेप

अफगानिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप

काबुल। अफगानिस्तान में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह 06:59 बजे रिक्टर स्केल पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है। अफगानिस्तान लगातार भूकंप के झटकों का सामना कर रहा है।



सीरिया में यात्री बस पर हमला, 7 की मौत

दमिश्क। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में बुधवार देर रात एक छोटी यात्री बस को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए। हमला पश्चिमी सीरिया के होम्स प्रांत में मस्याफ पुल के पास हुआ। हमले का मकसद पता नहीं चला है।



चीन के शोध संस्थान कर रहे ब्रिटेन में जासूसी

लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों से चीन के एक शोध संस्थान के साथ सहयोग बंद करने को कहा क्योंकि ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमआई5 का मानना है कि यह संस्थान जासूसी गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करता है। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने यह जानकारी दी है।

जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री गोयल का स्पष्ट संदेश

भोजन सुरक्षा और सहयोग का माध्यम बना रहे घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ मिलवॉकी

गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है

भारत ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशों द्वारा उठाए गए वैध घरेलू कदमों को 'खाद्य के हथियारीकरण' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर चर्चा के दौरान यह अंतर स्पष्ट करने की जरूरत बताई। मिलवॉकी में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में 'दबावपूर्ण व्यापार कार्रवाई के जरिए खाद्य के हथियारीकरण' विषय पर सत्र के दौरान गोयल ने भारत का पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि साझा लक्ष्य यह होना चाहिए कि भोजन सुरक्षा, स्थिरता और सहयोग का माध्यम बना रहे। गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है।

खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर अंतर स्पष्ट करना जरूरी



जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

भारत-ईयू एफटीए को लागू करने की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के इतर यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच से मुलाकात की और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर और उसे लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, भारत-ईयू ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सुधार और जी20 के साझा प्राथमिकता वाले मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।



ईयू सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच और पीयूष गोयल

नई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की जरूरत: अमेरिका



जैमिसन ग्रीर

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने जी20 देशों से एक नए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले तैयार किया गया वैश्विक व्यापार तंत्र आज अतिरिक्त उत्पादन, आर्थिक दबाव, जबरन मजदूरी और अन्य नई चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। ग्रीर ने चार प्रमुख मुद्दों पर खुली चर्चा की जरूरत बताई। इनमें खाद्य आपूर्ति का राजनीतिक इस्तेमाल, संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता, सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र सिद्धांत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन मजदूरी शामिल हैं।



मेक्सिको के मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड

ब्राजील और मेक्सिको के मंत्रियों से की भेंट

पीयूष गोयल ने ब्राजील और मेक्सिको के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन दोनों देशों पर अमेरिका की ओर से अपनाई गई शुल्क नीति का काफी असर पड़ा है। गोयल ने विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक से इतर ब्राजील के व्यापार मंत्री मार्सियो फर्नांडो एलियास रोजा और विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। उन्होंने मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड के साथ भी व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। मेक्सिको के मंत्री के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए गोयल ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत-मेक्सिको व्यापार एवं निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए गहरे सहयोग की अपार संभावनाओं और नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की।

भारत आएंगे स्विस राष्ट्रपति

5 अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरा कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा होगी



पार्मेलिन और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष यह उनका दूसरा भारत दौरा है। इस यात्रा के दौरान व्यापार, टेक्नोलॉजी और निवेश समेत कई अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति पार्मेलिन की यह भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी और इस साल उनका दूसरा भारत दौरा होगा।

इससे पहले वह फरवरी 2026 में नई दिल्ली में हुए एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस यात्रा के दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। इस यात्रा के लिए पीएम मोदी ने निमंत्रण दिया था। राष्ट्रपति पार्मेलिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे

विदेश मंत्रालय बताया कि 5 अक्टूबर को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पार्मेलिन के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। दोनों नेता कई क्षेत्रों में भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इनमें व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता और संस्कृति और जनसंपर्क जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार साझा करेंगे। इसके अलावा, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी चर्चा होगी। राष्ट्रपति पार्मेलिन 7 अक्टूबर 2026 को दूसरे इंडिया-ईएफटीए प्रॉस्पेरिटी समिट में हिस्सा लेंगे। इस समिट का आयोजन भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने की पहली सालगिरह के मौके पर किया जा रहा है। ईएफटीए देशों में स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश साझेदार है।

भारत दौरे पर आएंगे पोलैंड के पीएम



पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क अक्टूबर के आखिर में भारत का दौरा करेंगे। उनके साथ पोलैंड की 100 प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि भी भारत आएंगे। पोलैंड के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम बेंगलुरु भी जाएंगे। इस यात्रा में आर्थिक मुद्दों और सहयोग पर खास जोर रहेगा। डोनाल्ड टस्क इससे पहले 2010 में पोलैंड के पीएम के तौर पर भारत आए थे। पीएम मोदी ने अपनी 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान टस्क को भारत आने का न्योता दिया था। डोमान्स्की ने कहा कि भारत और पोलैंड के रिश्ते बेहतर हो रहे हैं।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइक

महिलाओं और बच्चों समेत 9 की मौत, 11 घायल, 3 मकान तबाह

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान में पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। तालिबान के प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया है कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक में कम से कम नौ अफगान नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल बताए गए हैं।

मुजाहिद के मुताबिक, बुधवार रात अफगानिस्तान के कुनार और हेलमंद प्रांतों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाया गया। हमले में तीन मकान भी तबाह होने का दावा किया गया है।

पाकिस्तान का दावा- आतंकी मारे



हवाई हमले में क्षतिग्रस्त अफगानिस्तानियों के घर

पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया कि अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों में कम से कम 22 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तान के मुताबिक, सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को खत्म करने के अभियान के तहत ये हमले किए गए।

पाक अपनी समस्याओं से ध्यान भटका रहा

तालिबान प्रवक्ता जुबैहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में हमलों के जरिए अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं और घरेलू विरोध-प्रदर्शनों के बीच हमलों के जरिए लोगों का ध्यान भटका रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

अहमदाबाद धमाकों में आरोपी सदस्य की फांसी पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के एक आतंकी की मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अहमद बावा उर्फ अब्बू अबुबकर बरलेवी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। बावा ने गुजरात हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत का रिकॉर्ड भी तलब किया है। 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। अदालत ने बड़ी संख्या में लोगों की मौत, हमले की साजिश रचने और आतंक फैलाने का दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी।



दिल्ली में पकड़ा गया विदेश भेजने वाला फर्जी ऑफिस

नौकरी का वादा कर 46 लोगों से की ठगी 19 पासपोर्ट, 10 एटीएम और सोना बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इजराइल और इराक के वीजा और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कम से कम 46 लोगों से कथित तौर पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना और एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अबीर पोइलान (45) और दिल्ली के संगम विहार निवासी मुस्तकीम (38) के रूप में हुई है।



जब्त पासपोर्ट, एटीएम और सोना

इजराइली वीजा 1.70 लाख में दे रहे थे

आरोपियों ने कथित तौर पर इजराइली का वीजा दिलाने के लिए प्रति व्यक्ति 1.70 लाख रुपए और इराक के वीजा के लिए 70,000 रुपए लिए और विदेश में नौकरी दिलाने का वादा किया। पोइलान के पास से ठगी की रकम से खरीदे गए 31 ग्राम सोने के सिक्के, 19 पासपोर्ट, 5 मोबाइल फोन, 3 कंप्यूटर, एक प्रिंटर बरामद हुआ।

महासागरों में रिकॉर्ड गर्मी का बढ़ा खतरा

प्रतिवर्ष जलस्तर 3.8 मिमी बढ़ रहा, कई गुना बढ़ेंगी आपदाएं



एजेंसी ▶▶ थाईलैंड

दुनिया के समुद्रों में रिकॉर्ड गर्मी का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते महासागरों का जलस्तर, अम्लता और समुद्री लू का संकट गहराता जा रहा है, जो आने वाले समय में पूरी दुनिया के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है। समुद्रों में ऑक्सीजन की कमी से जलीय जीव दम तोड़ने लगेंगे। वहीं, विनाशकारी तूफानों, बादलों के फटने और बेमौसम भारी बारिश की आवृत्ति कई गुना बढ़ जाएगी। कोपरनिकस ओशन स्टेट रिपोर्ट के 10वें संस्करण में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दुनिया के महासागरों में रिकॉर्ड 23 जेटाजूल गर्मी समा गई है। यह थर्मल एनर्जी मानव की ओर से उपयोग की जाने वाली कुल ऊर्जा से लगभग 40 गुना अधिक है। इस भारी गर्मी के कारण समुद्र का पानी अधिक गर्म, ऊंचा और रहने लायक नहीं रह रहा है।

दोनों देशों के नौसैनिकों के बीच दोस्ती मजबूत हुई

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच समुद्री अभ्यास 'वरुण' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच होने वाला द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'वरुण' एक बार फिर दोनों देशों की मजबूत समुद्री साझेदारी का प्रतीक बना है। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल फ्रांस के टूलॉन बंदरगाह पहुंचा।

यहां भारतीय युद्धपोत ने अभ्यास 'वरुण' के 24वें संस्करण में हिस्सा लिया। अभ्यास में एनएच-90 हेलीकॉप्टरों और अटलांटिक-2 समुद्री गश्ती विमानों ने भी हिस्सा लिया। दोनों नौसेनाओं ने पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर मौजूद लक्ष्यों के खिलाफ अभियान और वास्तविक फायरिंग अभ्यास किए। इसके अलावा दोनों नौसेनाओं के हेलीकॉप्टरों की एक-दूसरे के जहाजों पर उतरने की गतिविधियां भी की गईं। इन अभ्यासों से समुद्र में दोनों नौसेनाओं के बीच संचालन क्षमता, तालमेल और आपसी समझ को और बेहतर करने का अवसर मिला।

नौसेना के आईएनएस त्रिशूल ने दिखाई अपनी ताकत, लक्ष्यों पर की 'फायरिंग'



जहाज को जल तोपों की सलामी

सबसे पहले टूलॉन पहुंचने पर फ्रांसीसी नौसेना ने आईएनएस त्रिशूल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जहाज को औपचारिक जल तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद बंदरगाह चरण में दोनों नौसेनाओं के बीच पेशेवर, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी समझ, समुद्री सहयोग और पेशेवर संबंधों को और मजबूत करना था।

दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने की मुलाकात

आईएनएस त्रिशूल के कमांडिंग ऑफिसर ने फ्रांसीसी नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने रियर एडमिरल मैकारा ऊक, संचालन के लिए उपकमांडर-इन-चीफ से भी मुलाकात की। इस दौरान समुद्री अभियानों और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। अभ्यास के दौरान दोनों नौसेनाओं के जवानों और अधिकारियों ने एक-दूसरे के जहाजों का दौरा किया। आईएनएस त्रिशूल के चालक दल ने फ्रांसीसी नौसेना के प्रमुख युद्धपोतों चार्ल्स द गॉल, फोर्बिन और ला फायेते का दौरा किया। इस दौरान भारतीय नौसैनिकों ने विमानवाहक पोत से जुड़े अभियानों, विमानन सुविधाओं और जहाज पर अपनाई जाने वाली संचालन प्रक्रियाओं को करीब से समझा। दोनों पक्षों के बीच परिचालन अनुभव भी साझा किए गए।



वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

फ्रांस यात्रा के दौरान आईएनएस त्रिशूल के कमांडिंग ऑफिसर, अधिकारियों और जवानों ने मार्सेय के मजार्ग युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस स्मारक पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले 205 भारतीय सैनिकों की स्मृति जुड़ी है। यह कार्यक्रम दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सैन्य संबंधों की याद भी दिलाता है। भारतीय नौसैनिकों ने इन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को नमन किया।



रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

मुंबई। मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

लाइफ Style

रूहानी

खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



हॉलीवुड मसाला




32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवाइर्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास' मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

नई दिल्ली। बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।



केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

नई दिल्ली। बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सदी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।



हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने सक्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।



नई दिल्ली। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण' में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।

दृश्यम 3 : अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

लव : क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें एश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट : 'बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।



पूजा मेरी जान : पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

डूइंग लाइफ : फीचर फिल्म डूइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

प्रेम कीटाणु : यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अच्चीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

वैरायटी : हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

दुपहिया सीजन 2 : धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

धनवंतरी नगर में मासूमों की जान पर बनीआफत, हादसे का सीसीटीवी आया सामने

अर्टिगा से टक्कर के बाद पलटी वैन







हरिभूमि, जबलपुर।

धनवंतरी नगर क्षेत्र में स्कूल वैन और अर्टिगा की टक्कर में मासूम बच्चों के घायल होने के बाद अब हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज ने दुर्घटना की परिस्थितियों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे में घायल बच्चों को तत्काल उपचार के लिए NSCB मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। मेडिकल रिकॉर्ड में अथर्व, ऋषि साहू, आशध्या, अनाध्या, रियाज, वैदेही और नम्रता ठाकुर सहित अन्य बच्चों के नाम दर्ज बताए गए हैं।

राहगीरों ने संभाला मोर्चा

सामने आए सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर वाहनों की आवाजाही के बीच स्कूल वैन और अर्टिगा की टक्कर होती दिखाई दे रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

दो बच्चों की हालत को लेकर चिंता

हादसे के बाद शुरुआती जानकारी में दो बच्चों को अपेक्षाकृत गंभीर चोट आने की बात सामने आई थी। हालांकि उपलब्ध मेडिकल सूची से यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चे कौन हैं। ऐसे में उनकी वास्तविक स्थिति की पुष्टि अस्पताल प्रबंधन की आधिकारिक मेडिकल जानकारी से होना जरूरी है।

सीसीटीवी में दिखा सड़क पर खड़ा वाहन

हादसे के सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर एक वाहन खड़ा नजर आ रहा है। इसी को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या सड़क पर खड़े वाहन की वजह से यातायात प्रभावित हुआ और सामने से आ रहे वाहनों को पर्याप्त जगह नहीं मिल पाई? हालांकि यह हादसे की वजह थी या नहीं, इसका निष्कर्ष केवल सीसीटीवी के आधार पर निकालना जल्दबाजी होगी। पुलिस जांच, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और घटनास्थल के परीक्षण के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मंत्री राकेश सिंह ने ली बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी

हादसे की जानकारी मिलने के बाद राकेश सिंह ने घायल बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। उनके सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक उन्होंने जबलपुर कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज अधीक्षक से फोन पर चर्चा कर घायल बच्चों के समुचित उपचार की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल की प्राचार्य से भी बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति जानी।

जांच के बाद तय होगी जिम्मेदारी

हादसे ने स्कूल परिवहन व्यवस्था के साथ ही सड़क पर पार्किंग और यातायात प्रबंधन को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल प्राथमिकता घायल बच्चों का बेहतर उपचार है। वहीं सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, किसकी लापरवाही थी और भविष्य में स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

संरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर, शून्य दुर्घटना का लक्ष्य




जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में संरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मनन हॉल, जबलपुर में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सहायक मंडल संरक्षा अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल ने अधिकारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने और शून्य दुर्घटना एवं घटना के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक में निरीक्षण इकाइयों के लिए विस्तृत चेकलिस्ट तैयार कर अधिकारियों-कर्मचारियों को उपलब्ध कराने, औचक निरीक्षण प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों की अनुपालना का सुपर चेक करने पर जोर दिया गया।

बार-बार होने वाली एवं लंबी अवधि की विफलताओं की गहन जांच कर मूल कारणों की पहचान और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री गुरुमुखी ने प्रशिक्षण को संरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर जोर दिया। विशेष रूप से कवच प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपयोग एवं संरक्षा प्रावधानों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कॉन्फ्रेंस में आगामी कार्ययोजना और प्रभावी अनुपालना को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती का जबलपुर आगमन



जबलपुर। श्री द्वारका-शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का गुरुवार को जबलपुर नगर आगमन हुआ। शंकराचार्य जी तिलवारा घाट स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर एवं शंकराचार्य मठ पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं और अनुयायियों ने उनका स्वागत एवं पूजन किया। शंकराचार्य जी मठ में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को वे विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे और रात्रि में प्रस्थान करेंगे। नगर आगमन पर ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद, ब्रह्मचारी श्रीधरानंद, ब्रह्म शाततानंद, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अधिवक्ता बृजेश दुबे, संजय तामकार, मनोज सेन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य जी का स्वागत कर पादुका पूजन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

दुकान के नामांतरण के लिए मांगे थे पांच हजार रुपये

दो हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

जबलपुर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर की टीम ने गुरुवार को आधारताल तहसील में पदस्थ पटवारी मनोज बघेल को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी पर दुकान के नामांतरण के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

ईओडब्ल्यू के अनुसार कटंगी निवासी शरद विश्वकर्मा ने शिकायत की थी कि उनकी मां राधा विश्वकर्मा ने ग्रीन सिटी, माढ़ोताल, जबलपुर स्थित एक दुकान खरीदी थी। दुकान के नामांतरण की कार्रवाई के लिए आधारताल तहसील के पटवारी मनोज बघेल द्वारा पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।इसके बाद ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने गुरुवार 1 अक्टूबर 2026 को कार्रवाई की। कृषि उपज मंडी, मनमोहन नगर स्थित गायत्री मंदिर के पास ट्रैप कार्रवाई के दौरान पटवारी मनोज बघेल को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया।आरोपी मनोज बघेल, पिता कुंवरलाल बघेल, उम्र 34 वर्ष, पटवारी हल्का नंबर-2, तहसील कार्यालय आधारताल, जबलपुर में पदस्थ है। ईओडब्ल्यू ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम संशोधित 2018 की धारा 7(ए) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रानी दुर्गावती विवि के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों ने मांगी इच्छामृत्यु

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सेवाकाल के दौरान मृत कर्मचारियों के आश्रितों ने तीन साल से अनुकंपा नियुक्ति और वैधानिक लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। आश्रितों ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल को ज्ञापन सौंपकर आत्मदाह और इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। ज्ञापन में कहा गया है कि 8 अक्टूबर तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो कुलगुरु कक्ष के बाहर आत्मघाती कदम उठाया जाएगा। आश्रितों का कहना है कि परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के इलाज और रोजमर्रा के खर्चों का बोझ बढ़ गया है। उनका आरोप है कि कई बार आवेदन देने और व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से मुलाकात करने के बावजूद अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन और ग्रेच्युटी सहित अन्य स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई नहीं होने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने की चेतावनी दी गई है।

स्कूल वैन हादसे में घायल बच्चों का हाल जानने पहुंचे राकेश सिंह, उपचार के दिए निर्देश

जबलपुर। गढ़ा थाना क्षेत्र के गढ़ा पुरवा में गुरुवार को कार और स्कूल वैन की टक्कर में घायल हुए बच्चों के समुचित उपचार के निर्देश लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दिए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से घटना की जानकारी ली और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों से चर्चा कर घायल बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थिति पूछी।

मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को बच्चों के उपचार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बताया गया कि सुबह करीब 11 बजे बच्चों को स्कूल लेकर जा रही वैन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में नौ बच्चे घायल हुए, जिन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा के अनुसार सभी घायल बच्चों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर है। सभी का कैजुअल्टी में उपचार चल रहा है और चिकित्सक लगातार निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक बच्चे के जबड़े में फ्रैक्चर है। बच्चों के एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक जांचें कराई जा रही हैं। हादसे की सूचना पर प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे।

दीनदयाल चौक से मंडी तक चला सफाई और अतिक्रमण विरोधी अभियान

अतिक्रमण मुक्त हुए प्रमुख चौराहे, यातायात हुआ सुगम

जबलपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त सौरव मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान दीनदयाल चौराहा, अहिंसा चौक, एसबीआई चौक, मदन महल सिग्नल, जबलपुर हॉस्पिटल सिग्नल और रानीताल चौराहा सिग्नल को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही दीनदयाल चौराहे से कृषि उपज मंडी मार्ग तक विशेष सफाई एवं व्यवस्थापन कार्य किया गया। संयुक्त दल ने यातायात में बाधक 70 से अधिक अस्थाई ठेले एवं स्टॉल हटवाए तथा 20 से अधिक अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के बाद प्रमुख चौराहों और सड़कों पर यातायात सुचारु हुआ। अभियान में ट्रैफिक पुलिस, थाना माढ़ोताल पुलिस सहित अतिक्रमण अधिकारी कृष्ण पाल सिंह रावत, सहायक अतिक्रमण अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी, लक्ष्मण कोरी, जे. प्रवीण एवं अंकित पारस सहित नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान

जबलपुर। राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा बुधवार को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के मुख्यालय परिसर स्थित हॉस्टल बिल्डिंग के निकट आयोजित कार्यक्रम में अभियंताओं और कार्मिकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, प्रशासन महाप्रबंधक नितिन खत्री, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार वर्मा, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल महेश चंद बलोदी, अधीक्षण अभियंता सिविल मिलिन्द चौधरी सहित बड़ी संख्या में अभियंताओं एवं पुरूष व महिला कार्मिकों ने श्रमदान में सहभागिता की।

ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले हाजरी पेश करने पहुचें अक़ीदतमंद

हिंदू-मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पेश कीं चादरें शरीफ

जबलपुर। मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह शरीफ में ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के माहौल में किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में जायरीन और अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ में हाजिरी पेश की। बड़ी संख्या में लोगों ने चादरें और निशान शरीफ पेश कर दुआएं मांगीं। नजर-नियाज पेश करने के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसे जायरीन में तकसीम किया गया। मेले में हिंदू धर्मावलंबियों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर सलामी पेश की और अपनी मन्नतें मांगीं। प्रमुख रूप से मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सरपरस्ती में दरबार-ए-पहलवान गांधी व्यायामशाला रांझी के तत्वावधान में दरगाह शरीफ में चादर पेश की गई।

चादर शरीफ रांझी दरबार से शाम 5 बजे रवाना हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मदन महल दरगाह शरीफ पहुंची। दरगाह पहुंचने पर अकीदत के साथ चादर शरीफ पेश की गई। इस दौरान मुल्क और शहर में अमन-ओ-अमान, खुशहाली एवं भाईचारे के लिए दुआ की गई। अपराह्न जुहर की नमाज के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में जलसा-ए-गौसिया आयोजित किया गया। इसमें सज्जादानशीन खलीफा इनायत कादरी ने गौसे आजम की सीरत पर रोशनी डाली। वहीं बासित अली कादरी ने नात शरीफ और मनकबत पाक पेश की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और दरगाह शरीफ में हाजिरी देकर फैज हासिल किया। दरगाह परिसर में मुरीदों और मुजावरों की आमद दिनभर बनी रही।

कार्यक्रम के दौरान सज्जादानशीन सूफी मुबारक कादरी, निजाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी, इदरीस कादरी, अब्बू बाबा कादरी, अफजल कादरी, एजाज कादरी गोलू, फैजान कादरी और शानू कादरी ने हाजरीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया।

इस दौरान मुहम्मद अली राजा, असगर कादरी, शराफत कादरी, अशफ़ाक कादरी, आशु कादरी और अमान कादरी ने तबर्रुक पेश किया। अहसान अंसारी, संजय रजक, आनंद रजक, सफीक बाबा सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। सायंकाल मगरिब की नमाज के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी ने बताया कि आगामी 8 अक्टूबर, जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आखिरी मेले का आयोजन बड़े एहतेमाम के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बाद नमाज-ए-जुहर सूफी संत सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच सुमित राय को हाई कोर्ट से राहत

धारा 40 में प्राकृतिक न्याय जरूरी बिना पक्ष सुने सरपंच को हटाना गलत

बर्खास्तगी आदेश पर रोक, उपचुनाव भी स्टे के अधीन

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत सरपंच को हटाने की कार्रवाई में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन जरूरी माना है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने ग्राम पंचायत दर्शनी, तहसील मझौली, जिला जबलपुर के निर्वाचित सरपंच सुमित राय को अंतरिम राहत दे दी। कोर्ट ने पांच जून 2026 को पारित पद से हटाने के आदेश के क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। कोर्ट ने शासन और जिला प्रशासन को उन्हें अगली सुनवाई तक सरपंच के रूप में कार्य करने देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरपंच पद के उपचुनाव की प्रक्रिया को भी अंतरिम आदेश के अधीन रखा है।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा ने दलील दी कि धारा 40 की कार्रवाई में उन्हें प्रभावी सुनवाई का अवसर नहीं मिला। जांच के दौरान गवाहों से प्रतिपरीक्षण का अवसर नहीं दिया गया तथा अपना पक्ष और साक्ष्य प्रस्तुत करने का समुचित मौका भी नहीं मिला। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट की प्रति भी उपलब्ध नहीं कराई गई। याचिकाकर्ता ने चंद्रकांता बाई विरुद्ध स्टेट आफ मप्र (2014) और राजेन्द्र सिंह रघुवंशी विरुद्ध स्टेट आफ मप्र (2004) के न्याय दृष्टांतों का हवाला दिया। कोर्ट ने इनका उल्लेख करते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। राज्य निर्वाचन आयोग ने 31 अगस्त को उपचुनाव की अधिसूचना जारी की थी। कोर्ट के आदेश से यह प्रक्रिया भी फिलहाल अंतरिम आदेश के अधीन रहेगी। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

अधिवक्ता दीपक पटेल की छह माह के लिए सदस्यता निलंबित

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की कार्यकारिणी सभा नेअधिवक्ता दीपक पटेल की सदस्यता छह माह के लिए निलंबित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। संघ अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर के अनुसार अधिवक्ता पटेल के विरुद्ध संघ से प्राप्त शिकायत में न्यायालय परिसर के बाहर स्थित दुकानदारों से कथित रूप से आर्थिक लाभ लेने तथा अधिवक्ता नैतिक के विरुद्ध अनावश्यक रूप से अपराध पंजीबद्ध कराने का प्रयास किए जाने के आरोप थे। कार्यकारिणी ने परिस्थितियों को देखते हुए यह कार्रवाई की। निर्णय में यह भी कहा गया कि यदि छह माह के भीतर अधिवक्ता पटेल अपने आचरण में परिवर्तन नहीं करते हैं तो उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनकी सदस्यता स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए राज्य अधिवक्ता परिषद को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

पमरे मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

जबलपुर। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों एवं पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित हेरिटेज लोको गार्डन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, योग प्रदर्शन एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ से हुई। इसके बाद रेलवे सांस्कृतिक अकादमी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रिया मंडल एवं अनन्या सोलंकी ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यालय के 55 सफाई मित्रों को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डब्ल्यू.एस.ई.सी. केजी/हाई स्कूल, पश्चिम मध्य रेल के स्वच्छता विषयक ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता के दो श्रेष्ठ विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार रावत ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने 'न गंदगी करूंगा, न गंदगी करने दूंगा' का संकल्प अपनाने तथा चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में एस.एस. पाराशर एवं प्रज्ञेश निम्बालकर ने आभार व्यक्त किया।



तहसील कार्यालय में हुई किसानों के साथ अहम बैठक

सिहोरा। तहसील कार्यालय में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ज्योति परस्ते, एसडीओ कृषि मनीषा पटेल सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किसानों ने धान पंजीयन एवं खरीदी, पराली निस्तारण, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, बिजली कटौती रोकने, अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने और नहरों की गुणवत्ता सुधारने सहित विभिन्न समस्याएं रखीं।



किसानों ने खेतों के छूटे खसरों की पुनः गिरदावरी, धान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ाने, धान को भावांतर योजना में शामिल नहीं करने तथा समर्थन मूल्य पर 25 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खरीदी की मांग की। कृषि पंपों के स्थायी कनेक्शन में दूरी की बाध्यता समाप्त करने और बढ़े हार्सपावर लोड में सुधार की मांग भी रखी गई। खम्हरिया-प्रतापपुर माइनिंग नहर को यथावत चालू रखने की मांग भी प्रमुख रही। बैठक में भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रमेश पटेल, भारतीय किसान संघ के नंदकिशोर परौहा, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार कुर्मी, रामराज पटेल, अशोक पटेल, रविदीप सिंह बैंस, डॉ. संतोष पटेल एवं अधिवक्ता रामगोपाल पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

पिसनहारी मढ़िया में मनाया गया क्षमावाणी पर्व

जबलपुर। जैन तीर्थ पिसनहारी मढ़िया में गुरुवार को जैन संतों एवं साध्वियों के सानिध्य में क्षमावाणी पर्व श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र में नवनिर्मित धर्मशाला के तेल क्षेत्र का अनावरण पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, सरदार दलवीर सिंह जस्सल एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र जैन मामा ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने क्षमा, संयम और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। जैन परंपरा के अनुसार क्षमावाणी पर्व आत्मावलोकन एवं परस्पर क्षमा मांगने का अवसर माना जाता है। समारोह में संजय अरिहंत, सुबोध जैन, दिगंबर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, मध्यप्रदेश दिगंबर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार जैन, राजेंद्र जैन बंधु, डॉ. एम.के. जैन, नेतराम पटेल, राजू यादव एवं मिस्टर जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

जबलपुर। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मध्यप्रदेश जिला संघ जबलपुर द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को सुबह 10 बजे पी.एम. श्री एम.एल.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेपियर टाउन में किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ युवा स्काउट्स एवं गाइड्स में सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में स्काउट्स-गाइड्स के साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला संघ ने सभी संबंधितों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।



डॉ. हीरालाल की 159वीं जयंती पर छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

जबलपुर। विश्वप्रसिद्ध इतिहासज्ञ एवं पुरातत्वविद तथा भूतपूर्व डिप्टी कमिश्नर रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय की 159वीं जयंती के उपलक्ष्य में रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित रायबहादुर डॉ. हीरालाल कला वीथिका में बुधवार को उनके जीवन एवं कार्यों पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। संग्रहालय अध्यक्ष मनोहर सिंह उइके ने सुबह 11.30 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी शाम 7 बजे तक आमजन के लिए खुली रही। इस अवसर पर संग्रहालय के प्रमोद राव सहित सात्विक सेवा संस्था की अध्यक्ष अंशु राय, वरिष्ठ सदस्य रूमादास गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, गिरीश गुप्ता, एस.एल. सोनी, दिवाकर शर्मा, कपिल गायकवाड़, हिमांशु राय, प्रशांत जैन, प्रियांशु गोलानी, प्रशांक पाठक, आवेश सिंह, हरिशंकर शुक्ला, सौरभ एवं सात्विक राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय अरविंद मलिक की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई। इसमें उनकी पत्नी सुषमा मलिक एवं पुत्री रैना मलिक उपस्थित रहीं।

रेडक्रॉस सोसायटी के शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

जबलपुर। सेंट एलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गौर में सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ नशे से दूर रहने और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, विशिष्ट अतिथि पार्षद कमलेश अग्रवाल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के एग्जीक्यूटिव सदस्य सुनील गर्ग उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया की प्रभारी ब्लड बैंक डॉ. अमिता जैन ने भी युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में एनसीसी एवं एनएसएस विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान करीब 60 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। आयोजन में संस्थान के निदेशक फादर थेंकाचन जोस, प्राचार्य डॉ. रेनू, साधना यादव, डॉ. आराधना धनराज, फिरदौज फातिमा एवं सुनील गर्ग सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



विद्यार्थियों ने मोती-कुंदन से तैयार आभूषणों का किया प्रदर्शन

आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का दिया गया प्रशिक्षण

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय गढ़ा में आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 30 सितंबर को हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए मोती एवं कुंदन के हार, नथ, बैदी, अंगूठी और बैंगल पहनकर रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गर्ल्स प्रतिभागियों में पलक ठाकुर प्रथम, अनुश्री चौबे द्वितीय और कीर्ति बर्रकडे तृतीय रहीं, जबकि बॉयज वर्ग में सैफ अली खान प्रथम रहे। कपल राउंड में पुष्पलता गोंड एवं गणेश सिंह प्रथम रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के मुख्य सलाहकार डॉ. अरुण शुक्ला एवं मनोवैज्ञानिक सुश्री मिता ठाकुर रहे। फेविकोल एक्सपर्ट सुश्री प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को



विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मनीषा कोल के मार्गदर्शन में हुआ। नोडल अधिकारी गर्जन सिंह मरावी सहित विवेक चौबे, प्रीति मेश्राम, दुर्गेश, सुमेधा गुप्ता, सत्यम बालादित्य भलावी, देवेंद्र कुशवाहा, डॉ. सोनमती विश्वकर्मा, डॉ. रंजना जैन, डॉ. रीना सोनी एवं डॉ. पायल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

अभिनेता भगवान दास पटेल का किया नागरिक अभिनंदन

युवा पंजाबी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मान

जबलपुर।

होटल अरिहंत पैलेस में जबलपुर एस राउंड टेबल 365 (JART-365) एवं युवा पंजाबी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अभिनेता एवं रंगकर्मी भगवान दास पटेल का नागरिक अभिनंदन किया गया। फिल्म 'हनुमान अंश' (2026) में उनके द्वारा निभाए गए गोपाल दास बहेलिया के किरदार की सराहना के साथ बुंदेलखंडी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा फिल्म जगत में जबलपुर का नाम रोशन करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। भगवान दास पटेल इससे पूर्व कटहल (2023), थार (2022), फोटोग्राफ (2019) और प्रेम रतन धन पायो (2015) में अभिनय कर चुके हैं। समारोह में उनके समर्पण और संघर्ष की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर साहिल खनीजो, विशेष जग्गी, प्रणव माधवानी, विख्यात सबलोक, आनंद शामदासानी, अंकित ग्रोवर, डॉ. अभिलाष शंकरन, मनमीत सिंह छाबड़ा, गगनदीप खन्ना, रोहन कोहली, अक्कांश अग्रवाल, अभिनव जैन, अंशुल चावला सहित अन्य उपस्थित रहे।



सड़क के गड्ढों को कचरे से भरने से फैल रही दुर्गंध

ड्रीम लैंड रहवासियों ने निगम से सफाई और सड़क सुधार की मांग की

जबलपुर। वार्ड क्रमांक 72 के ड्रीम लैंड, कठौदा रोड फेस-2 स्थित दादा ठनठनपाल वार्ड में सड़क के गड्ढों को भरने के लिए मुरम के स्थान पर कचरा और मलबा डाले जाने का आरोप स्थानीय नागरिकों ने लगाया है। रहवासियों के अनुसार कचरा डाले जाने से क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है तथा मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नागरिकों ने नगर निगम से तत्काल सड़क से कचरा हटाकर गुणवत्तापूर्ण मुरम अथवा गिट्टी से गड्ढों को भरने की मांग की है। साथ ही पूरे क्षेत्र में फॉगिंग एवं विशेष सफाई अभियान चलाने तथा कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठेकेदार या कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। रहवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अर्चना सिसोदिया से भी समस्या के समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो नगर निगम का घेराव किया जाएगा।



जेनरिक दवाएं भी प्रतिष्ठित कंपनियों की हों, गुणवत्ता पर हो जोर

जबलपुर। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की मासिक सलाहकार समिति की बैठक में लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण दवाएं और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। डिस्पेंसरी-4 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में मृगेंद्र नारायण सिंह, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, श्रीप्रसाद उपाध्याय, एस.के. बनर्जी एवं चन्दर सिंह राजपूत सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



प्रतिनिधियों ने नकली एवं अमानक दवाओं की आशंका को देखते हुए औषधियों के प्रमाणीकरण, गुणवत्ता परीक्षण और नियमित निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं तो वे भी प्रतिष्ठित कंपनियों की हों, ताकि मरीजों का भरोसा कायम रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निर्धारित ब्रांड की दवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की भी सराहना की गई। डॉ. रावत ने कहा कि प्रत्येक मरीज को पर्याप्त उपचार, दवा और उचित परामर्श उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बैठक में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राव, डॉ. एस.के. यादव, स्टाफ एवं सप्लायर प्रतिनिधि पंकज नवाठे उपस्थित रहे। संचालन में मनोज कुमार, लव दांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनंद कुमार सहित कर्मचारियों का योगदान रहा।

गांधी जयंती पर सामूहिक उपवास कर शिक्षक सौंपेंगे ज्ञापन

जबलपुर। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2026 को जिला स्तर पर सामूहिक उपवास एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे गांधी भवन, विक्टोरिया अस्पताल के बाजू में होगा। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के अनुसार शिक्षक तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सामूहिक उपवास करेंगे और शाम 4 बजे मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे।

शिक्षकों की प्रमुख मांगों में टीईटी की अनिवार्यता निरस्त करना, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना तथा व्यवहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल है। मोर्चा ने जिले के सभी शिक्षक-अध्यापकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील उमाशंकर पटेल, जगत पटेल, अजय रजक, राकेश उपाध्याय, अजय सिंह, दीपक पटेल, नरेंद्र त्रिपाठी, संध्या अवस्थी, संतोष झारिया, भूमिका पटेल, ज्योत्स्ना उपाध्याय एवं अमिता कौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

पनागर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत, तहसील इकाई पनागर ने कलेक्टर जबलपुर के नाम तहसीलदार पनागर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संघ ने धान पंजीयन में किसान की स्वयं की एवं सिकमी भूमि का पूर्व व्यवस्था के अनुसार पंजीयन, छूटे खसरों को जोड़ने के लिए पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध कराने तथा गिरदावरी एवं पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की। किसान संघ ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सीमा 25 क्विंटल प्रति एकड़ करने और सभी सहकारी समितियों में पंजीयन केंद्र व ऑपरेटर की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके अलावा आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा, बंद गौशालाओं को शुरू करने,



लंबित फार्मर आईडी बनाने, राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा किसानों की सुविधा के अनुसार धान खरीदी केंद्र बनाने की मांग की गई। ज्ञापन में लंबित धान भुगतान, जले ट्रांसफॉर्मर बदलने, विद्युत लाइनों के मेंटेनेंस और नहरों में पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने पदाधिकारियों के साथ सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामदास पटेल सहित किसान उपस्थित रहे।

निधन

श्रीमती दर्शना गुलाटी- दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री अशोक गुलाटी की धर्मपत्नी श्रीमती दर्शना गुलाटी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अनीता भाटिया- गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेंद्र मोहन भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता भाटिया (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री पूरन लाल सिंगरहा- सिंगरहाना मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री पूरन लाल सिंगरहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला पटेल- गोरखपुर निवासी श्री भगवान दास पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री परमानंद गोस्वामी - फूलवाड़ी गढ़ा निवासी श्री परमानंद गोस्वामी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अरुण कुमार कुशवाहा- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अरुण कुमार कुशवाहा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मीना चंद्रोल- पूजा होम्स महाराजपुर निवासी श्री जीपी चंद्रोल की धर्मपत्नी श्रीमती मीना चंद्रोल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश चंद्र राय- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सुरेश चंद्र राय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष विश्वकर्मा- आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री संतोष विश्वकर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



टीबी रोगियों को वितरित की गई पोषक आहार किट

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा टीबी रोगियों के लिए पोषक आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने उपचाररत टीबी रोगियों को पोषक आहार किट वितरित कीं। उन्होंने कहा कि टीबी उपचार में दवाओं के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण रोगियों की शारीरिक क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने में सहायक होता है।

विभाग द्वारा तैयार किट में मल्टीग्रेन आटा, रागी आटा, बेसन, राजगिरा के लड्डू, मूंगफली की चक्की सहित अन्य पोषक खाद्य पदार्थ शामिल किए गए। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार श्रीमती रचना शर्मा, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभा उपाध्याय सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

I, USHA PAREMMEL is legally Mother of ARMY NO-15723470W, Rank- HAV, Name- SREERESHK presently residing at Vill-ARALAM, POST- ARALAM, Teh-IRITTY, Distt- KANNUR, State- KERALA PIN- 670704. शपथपूर्वक नि लि कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम USHA P दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम USHA PAREMMEL दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850473 दिनांक 01/10/26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम -USHA P
सही नाम - USHA PAREMMEL

नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, RAMESHAN K is legally FATHER of ARMY NO-15723470W, Rank-HAV, Name- SREERESHK presently residing at Vill-ARALAM, POST-ARALAM, Teh-IRITTY, Distt- KANNUR, State- KERALA PIN- 670704, शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि REMESAN K & 10/05/1966 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एवं जन्मतिथि RAMESHAN K & 23/02/1967 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850474 दिनांक 01/10/26 नोटरी जबलपुर म प्र

गलत नाम एंव जन्मतिथि
REMESAN K & 10/05/1966
सही नाम एंव जन्मतिथि
RAMESHAN K & 23/02/1967

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
क्रमांक-का.से./2026-27/423
दिनांक- 30/09/2026
// सार्वजनिक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक-11 वार्ड क्रमांक-67 (वीरांगना अंवती बाई वार्ड) अंतर्गत मौजा/ ग्राम कजरवारा न.बं. 505 प.ह.नं. 23 नया 10 ख.नं. 386/2/1/1, 386/2/2 रकबा 0.6210 हेक्टेयर (6210 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास अनुमति (VILLASIFIVE) की अनुमति हेतु मेसर्स सलारिया बिल्डर्स द्वारा प्रोप्राराईटर श्री समीर सलारिया पिता श्री दीपक सलारिया, पता- प्लाट नं. 99, आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड जबलपुर विकासकर्ता/ कालोनाईजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है:- बंधक संपत्ति का विवरण- भूखंड क्रमांक -10 एवं 11 कुल 02 नग क्षेत्रफल 557.69 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन् कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर

In The Court Of VI Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur
Presiding Officer:किशोर कुमार मिश्रा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000045/2026)
अनूपा सेगन.....वादी
VS
अनुष्का.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक :-30/10/2026
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर मप्र

यह कि प्रार्थी अनूपा सेगन ने आपके विरूद्ध एमजेसी जी डब्ल्यू । नाबालिक की हिस्से की अचल संपति को विक्रय करने की अनुमति हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें

यह आज तारीख 28 September 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
(के.के. मिश्रा)
जिला न्यायाधीश (षष्टम)
जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

118 साल से खड़ा है वह इमली का पेड़ जिसने बाढ़ में 150 लोगों की बचाई थी जान

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के अफ़ज़लगंज स्थित ऐतिहासिक उस्मानिया जनरल अस्पताल परिसर में आज भी एक विशाल और पुराना इमली का पेड़ पूरी शान और मजबूती के साथ खड़ा है। आम राहगीरों के लिए यह देखने में भले ही एक सामान्य और पुराना पेड़ लगे, लेकिन इसका इतिहास शहर की सबसे बड़ी और खौफनाक प्राकृतिक आपदा से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह वही ऐतिहासिक और चमत्कारी पेड़ है, जिसकी मजबूत डालियों ने आज से करीब 118 साल पहले आई मूसी नदी की भीषण बाढ़ में लगभग 150 लोगों को मौत के मुंह से खींचकर उन्हें नई जिंदगी दी थी। इस ऐतिहासिक पेड़ और उस खौफनाक रात की कहानी बताते हुए उस्मानिया जनरल अस्पताल के शमीम खान पाशा कहते हैं कि तारीख थी 28 सितंबर 1908। उस दिन हैदराबाद में मूसलाधार बारिश आफत बनकर टूटी थी। लगातार और भारी बारिश के चलते शहर के बीचों-बीच बहने वाली मूसी नदी उफान पर आ गई और उसने अपने किनारे तोड़ दिए। देखते ही देखते शहर की घनी बस्तियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं और सैलाब ने रौद्र रूप ले लिया। पानी का बहाव और रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को संभलने या सुरक्षित जगहों पर भागने तक का मौका नहीं मिला। चारों तरफ केवल पानी, तबाही और चीख-पुकार का खौफनाक मंजर था।



रातभर डालियों को पकड़े रहे लोग, सुबह थमी बारिश

पूरी रात मूसलाधार बारिश होती रही। लोग बुरी तरह भीगे हुए, ठंड से कांपते हुए और खौफ के साए में पेड़ की डालियों को मजबूती से पकड़े रहे। नीचे मूसी नदी का उफनता मटमैला पानी सब कुछ बहा ले जाने पर आमादा था, लेकिन इस दरख़्त (पेड़) ने किसी भी शरणार्थी का साथ नहीं छोड़ा और अपनी जड़ों पर मजबूती से टिका रहा। अगली सुबह जब बारिश थमी और नदी का जलस्तर नीचे उतरा, तब जाकर सभी लोग सुरक्षित नीचे आ सके।

ओबेन बनी देश की नंबर-1 इलेक्ट्रिक ब्रांड

बेंगलुरु। अनुसंधान एवं विकास आधारित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निर्माता ओबेन इलेक्ट्रिक ने सितंबर 2026 में अब तक का सबसे बेहतर मासिक प्रदर्शन दर्ज किया है। वाहन पंजीकरण के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी ने सितंबर में 1,417 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों का पंजीकरण कराया और कंपनी के अनुसार इसी के साथ वह देश की नंबर-1 इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ब्रांड बन गई। कंपनी ने बताया कि इस प्रदर्शन में उसकी नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रॉर इवो की अहम भूमिका रही। सितंबर में दर्ज पंजीकरण के साथ कंपनी की मासिक बिक्री अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। कंपनी के मुताबिक, रॉर इवो को बाजार से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया ने तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बाजार में उसकी स्थिति मजबूत की है। रॉर इवो को भारतीय चालकों की जरूरतों और रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। कंपनी का जोर प्रदर्शन, डिजाइन, तकनीक, दूरी तय करने की क्षमता और उपयोग में सुविधा पर है। ओबेन इलेक्ट्रिक के अनुसार, रॉर इवो को पहले एक मोटरसाइकिल के रूप में विकसित किया गया है, जबकि इलेक्ट्रिक तकनीक इसका शक्ति तंत्र है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

वि.क्र /E-T/PRO. / 3/DWS/2026 देवास दिनांक: 28.09.2026

//ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त ई-निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

क्र.	टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि वर्षाकाल सहित एवं लागत रू. लॉख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2026_UAD_538551_1 Date 29.09.2026	Construction of Houses and Development of Infrastructure For Affordable Housing in Partnership in Dewas under PMAY 2.0 at Birakhedi Village.	1. समयावधि 24 माह 2. लागत रु. 5386.67 लाख (जीएसटी रहित)	1. रु. 50,000/- 2. रू. 26,93,336/-	21.10.2026

नोटः 1. प्री बिड मीटिंग दिनांक 09.10.2026 को सायं 3.00 बजे नगर पालिक निगम, देवास के कांफ्रेंस हॉल में रखी गई है।
2 निविदा से सबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
नगर पालिक निगम, देवास

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक/2106/खनिज/2026 E-mail- modgmjab@mp.gov.in दिनांक 07/09/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

द्वितीय सूचना पत्र

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री मनोहर सिंह ठाकुर पता- ग्राम सिनगौरी तहसील पाटन, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 20 / 07 / 2026 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्ति हेतु प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आपत्ति प्राप्त न होने से आपत्तियों के संबंध में पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक प्रस्तुत उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र के संबंध में आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। आपत्तियाँ कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नं.	रकबा हेक्टर में	भूमि का प्रकार शासकीय/निजि	खनिज का नाम	रिमॉर्क
जबलपुर	पाटन	कुमगवाँ	39	3.4500	शासकीय भूमि	मुरूम	
			कुल रकवा	3.4500			

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जिला-जबलपुर (म. प्र.)

G-19298/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

वो खतरनाक मछली, जो भारत में है प्रतिबंधित! मुनाफा देती है दोगुना



नई दिल्ली। मछली पालन से कई किसानों की जिंदगी में बदलाव आया है। ऐसे में कई ऐसी देसी और विदेशी प्रजाति है, जो किसानों को कम समय में मुनाफा कमा कर देती है। लेकिन, कुछ ऐसी मछलियां है, जिस पर भारत सरकारी ने उन मछलियों को पालने पर प्रतिबंध लगाया है। इसी में से एक है थाई मांगुर है। इसे कैट फिश भी कहते हैं। यह मछली पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक है, इसलिए इस मछली पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन, अब ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां पर लोग इसकी खेती चोरी-छिपे करते हैं। लेकिन, आपके मन में एक सवाल उपज रहा होगा कि सरकार ने इस मछली पर प्रतिबंध लगाया है, तो लोग इसे क्यों पाल रहे हैं। क्या इसकी मार्केट में डिमांड है?

थाई मांगुर मछली एक अफ्रीकी कैटफिश है। इसका वैज्ञानिक नाम क्लेरियस गैरी पीनस है। इसकी लंबाई तीन से पांच फीट तक होती है। यह एक ऐसी मछली है, जो खुली हवा में भी सांस ले सकती है। और तो और यह सूखी जमीन पर भी चल सकती है। यह कीचड़ वाली जगह में भी लंबे समय तक जिंदा रह सकती है। यह सड़े गले मांस का सेवन कर तेजी से बढ़ती है।

कार्यालय नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Bangavan Dist-Anuppur (M.P.) Email-cmobangavan@mp.urban.gov.in

क्रंमाक. 2320 न.प./लो.नि./ई-निविदा/2026 बनगवां दिनांक-18/09/2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
01.	2026_UAD_538844_1	वार्ड क्रं. 15 एम.आर.एफ. सेण्टर निर्माण	6 Month Rs 2433876/-	Rs 5000.00 & Rs 18254	28/10/2026

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,बनगवां (राजनगर)
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

(अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना) कार्यालय कलेक्टर (नाजसत शाखा) जबलपुर

क्रमांक/25/जिला नाजिर/2026 NIT No.2026p.m. DC. 53783)- जबलपुर दिनांक 29/09/2026

("Large Video Wall/Active LED Displays हेतु)

कार्यालय कलेक्टर जबलपुर के के सभा कक्ष हेतु Large Video Wall/Active LED Displays का ई-टेण्डर के माध्यम से निम्नानुसार महत्वपूर्ण तिथियों एवं समय-सारणी (Critical Dates) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्रं.	निविदा से संबंधित गतिविधियों	निर्धारित तिथि एवं
1	निविदा प्रकाशन की तिथि (Tender Publish Date)	22/09/2026
2	निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारम्भ तिथि (Document Download)	22/09/2026
3	ऑनलाइन बिड जमा करने की प्रारम्भ तिथि (Bid Submission)	22/09/2026
4	ऑनलाइन बिड जमा करने की अंतिम तिथि (Bid Submission End)	05/10/2026
5	तकनीकी बिड खोलने की तिथि (Technical Bid Opening Date)	06/10/2026
6	तकनीकी मूल्यांकन (Technical Evaluation)	06/10/2026
7	वित्तीय बिड खोलने की तिथि (Financial Bid Opening Date)	06/10/2026

निविदा शर्तें, सामग्री की सूची एवं विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त कलेक्टर
जबलपुर (म.प्र.)

G-19309/06

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कार्या.225059
राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के चिरचारी काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ / बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :– 13.10.2026, समय :– 9.00 बजे प्रातः
काष्ठागार का नाम :– चिरचारी, वनमण्डल :– राजनांदगांव

क्र.	प्रजाति	नये वनोपज		पुराने वनोपज		योग	
		ईमारती घ.मी.	बल्ली / डे.नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली / डे.नग	ईमारती घ.मी.	बल्ली / डे.नग
1.	सागौन	34.720	74	374.100	5530	408.820	5604
2.	साजा	3.312	39	57.968	184	61.280	223
3.	बीजा	0.264	-	401.832	4178	402.096	4178
4.	ह.मु.ख.	-	-	7.681	12	7.681	12
5.	धावड़ा	0.182	-	18.733	1097	18.915	1097
6.	भिरहा	-	-	7.813	13	7.813	13
7.	तिन्सा	-	-	4.875	56	4.875	56
8.	धांठा	0.473	-	0.653	9	1.126	9
9.	कर्रा	-	-	32.564	1900	32.564	1900
10.	कसही	-	-	41.942	18	41.942	18
11.	नीलगिरी	0.508	-	-	-	0.508	-
12.	अन्य	115.245	135	32.765	584	148.010	719
	योग	**154.704**	**248**	**980.926**	**13581**	**1135.630**	**13829**
अस्थाई डिपो बघेरा का अविक्रित ईमारती काष्ठ					सागौन लट्ठा	0.267	-
					मिश्रित लट्ठा	90.534	-
अस्थाई डिपो डोंगरगांव का अविक्रित ईमारती काष्ठ					मिश्रित प्रजाति	15.733	-
महायोग						**1242.164**	**13829**

1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 125 चट्टा पुराना
2. अस्थाई डिपो बघेरा का मिश्रित जलाऊ 132 चट्टा पुराना
3. अस्थाई डिपो डोंगरगांव का मिश्रित जलाऊ 23 चट्टा पुराना

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव

G-262703683/1

एनआईएस मैनेजमेंट को मिले 120 करोड़ के ऑर्डर

मुंबई। एनआईएस मैनेजमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 में कारोबार के विस्तार और वित्तीय प्रदर्शन में मजबूती दर्ज की है। कंपनी ने आयोजित अपनी पहली वार्षिक आम बैठक में कारोबार की प्रगति और रणनीतिक प्राथमिकताओं की जानकारी दी। यह बैठक 2 सितंबर 2025 को बीएसई के एसएमई मंच पर कंपनी के सूचीबद्ध होने के बाद आयोजित की गई। कंपनी के अध्यक्ष देबजीत चौधरी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कंपनी की विकास यात्रा, मजबूत होती वित्तीय स्थिति और ग्राहक आधार के विस्तार की जानकारी दी।
कंपनी के अनुसार, प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बाद उसे 120 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। वित्त वर्ष 2026 में एनआईएस मैनेजमेंट की कुल आय 436.70 करोड़ रुपए रही, जो वित्त वर्ष 2025 के 405.33 करोड़ रुपए से 7.74 प्रतिशत अधिक है।

न्यायालय द्वितीय जिला न्यायाधीश महोदय गाडरवारा

(श्रीमति संतोषी वासनिक)

घनश्याम जाटव.....याचिकाकर्ता
बनाम
श्रीमति संगीता जाटव.....उत्तरवादी

प्रे. स. न. 331/2026
आर. सी. एस. एच. नंबर 67/2025
पेशी दिनांक - 15/10/2026

आदेश 5 नियम 20 सी पी सी

इस न्यायालय में घनश्याम जाटव आ. श्री भूरा जाटव निवासी बम्होरीकला तहसील सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) ने श्रीमति संगीता जाटव के विरूद्ध न्यायालय श्रीमति संतोषी वासनिक द्वितीय जिला न्यायाधीश महोदय गाडरवारा के न्यायालय में याचिका अंतर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत की है जिसका आर.सी.एस. एच. एम. नंबर 67/2025 है जो उत्तरवादी की उपस्थित हेतु नियत है। उक्त प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 15/10/2026 को नियत है जिसमें आप उत्तरवादी श्रीमति संगीता जाटव पत्नि घनश्याम जाटव पुत्री नौखेलाल अहिरवार हाल निवासी अपनी बहन मधु व रेखा अहिरवार के साथ के. एल. 82 जोन क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 67 गौरीचौकी थाना बरेली के पास कटियाघाट जबलपुर तहसील व जिला जबलपुर (म. प्र.) को इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 15/10/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिनको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे आप उत्तरवादी की अनुपस्थिति रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकारण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि पेशी दिनांक 15/10/2026 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है या शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर होगी।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

गाडरवारा
दिनांक- 18/09/2026

शील (श्रीमति संतोषी वासनिक)
द्वितीय जिला न्यायाधीश
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत/पात्र ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	पत्रांक-GAD/2026-2027/63/PRO/639 दिनांक 01/10/2026	वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए फूड एण्ड ब्रेकफास्ट की आवश्यकतानुसार पूर्ती करना।	1. कार्य की अवधि एक वर्ष एवं लागत 1,25,00,000/-रूपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य 12,500/- रूपये एवं ईएमडी की राशि 62,500/- रूपये	12/11/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

अपर आयुक्त
नगर निगम जबलपुर

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702473 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in

No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/II/2139 **TENDER NOTICE** Jabalpur, dtd: 25.09.2026

Online tenders are invited for hiring of vehicle. The Bids will be received online on the portal https://mptenders.gov.in up to date & time as per key dates. The tender will be opened in the office of undersigned as mentioned in tender time schedule (key dates) in presence of bidders duly authorized representative who may like to be present at the time of opening of tender: -

S. No.	T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/ No.EZ/PUR	NAME OF ITEMS	Approx. Value (Rs. in Lakhs)	Tender fee (in Rs)	Due date & times of Opening of Tender (*)
1	TS-1755 (e-Tender No. 2026_PKVVC_538702_1)	Hiring of 01 no. Safari/ Venue/ Amaze/ Ertiga or Equivalent Vehicle for office of CGM (RRC), MPPKVVCL, Jabalpur	4.50	590	15.10.2026

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates.

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW "बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें

CGM (S&P)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय- जबलपुर
दूसरा तल, साउथ एवेन्यू मॉल के सामने
पोलीपायर, जबलपुर (म.प्र)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन, तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी एक्ट) की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गढ़ा एवं म.प्र. हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से प्राप्त किए गए ऋण जो कि एनपीए हो चुका है -जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्न उल्लेखित बकाया शेष राशि थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नलिखित संबन्धित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग पंजीकृत डाक द्वारा हमारे कार्यालय द्वारा भेजी गयी थी। धारा 13(2) के तहत मांग सूचना में हमने आशय स्पष्ट कर दिया था कि आपके द्वारा मांग सूचना में दर्शाई राशि 60 दिवस के अंदर जमा नहीं करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक द्वारा बंधक संपत्ति का आधिपत्य ले लिया जाएगा। पूर्ण विवरण निम्न वर्णित है:

ऋणी/जमानतदार का नाम	चलित/दृष्टिबंधक बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि एवं दिनांक
श्री प्रतीक जैन पिता स्वर्गीय अभय कुमार जैन (उधारकर्ता / वाहन बंधककर्ता) पता-दीक्षितपुरा, व्रंदावन की गली, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482001, पता- चिंटू जैन कैटेर्स, मकान नं 642, लमती रोड, दादा ठंठनपाल वार्ड नं 72, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482001 शाखा : गढ़ा	चलित/दृष्टि बंधक संपत्ति का विवरण: वाहन (1) Regn. Number : MP20ZP1943, Maker : MARUTI SUZUKI INDIA LTD, Model : BALENO DELTA, Date Of Regn. : 04.07.2024, Chasis No. : MBHHWB13SRD737045, Engine/Motor No. : K12NP4454304 (2) Regn. Number : MP20XB5552, Maker : MARUTI SUZUKI, Model : GRAND VITARA ALPHA (O), Date Of Regn. : 01.01.2026, Chasis No. : MBJTYKL1SSD321319, Engine/ Motor No. : K15CN7707537 वाहन संपत्ति- स्वामी / बंधककर्ता- श्री प्रतीक जैन पिता स्वर्गीय अभय कुमार जैन	रु 19,58,325.39 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय दिनांक: 18/09/2026
श्रीमति शांति यादव पति श्री गजेंद्र यादव (उधारकर्ता / वाहन बंधककर्ता) पता-महाकाली मंदिर के पास, आकाश विहार कॉलोनी, वार्ड नं 30, पंडित दीनदायल उपाध्याय, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482002 पता-साईं ट्रेडर्स, दुकान क्रमांक 06, महाकाली मंदिर के पास, आकाश विहार कॉलोनी, विजय नगर मेन रोड, वार्ड नं 30, पंडित दीनदायल उपाध्याय, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482002 श्री गजेंद्र यादव पिता पन्ना लाल यादव (सहउधारकर्ता) पता-महाकाली मंदिर के पास, आकाश विहार कॉलोनी, वार्ड नं 30, पंडित दीनदायल उपाध्याय, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482002, पता-साईं ट्रेडर्स, दुकान क्रमांक 06, महाकाली मंदिर के पास, आकाश विहार कॉलोनी, विजय नगर मेन रोड, वार्ड नं 30, पंडित दीनदायल उपाध्याय, जबलपुर, मध्य प्रदेश 482002 शाखा : म.प्र. हाउसिंग बोर्ड	चलित/दृष्टि बंधक संपत्ति का विवरण: वाहन Regn. Number : MP20ZQ9944, Maker : TOYOTA KIRLOSKAR MOTOR PVT LTD, Model : FORTUNER LEGENDER AT, Date Of Regn. : 05.10.2024, Chasis No. : MBJAA3GSX00620387-0824, Engine/ Motor No. : 1GDA831362 संपत्ति- स्वामी / बंधककर्ता- श्रीमति शांति यादव पति श्री गजेंद्र यादव	रु 37,16,929.08 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय दिनांक: 04/06/2026

अतः आप सभी संबन्धित ऋणी / जमानतदार को सुझाव दिया जाता है कि (1) उक्त मांग सूचना पत्र / लिफाफा जोकि आपको पंजीकृत डाक द्वारा हमारे कार्यालय द्वारा प्रेषित किया गया था - आप इस नोटिस की प्रति हमारी शाखा गढ़ा एवं म.प्र. हाउसिंग बोर्ड या हमारे कार्यालय से प्राप्त कर लें ताकि आपको सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाए एवं (2) मांग सूचना मे दर्शाई गयी बकाया राशि मय ब्याज एवं विधिक व्यय सहित मांग सूचना की दिनांक से 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक: 02/10/2026 कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

Your host in the heart of India www.mpstdc.com

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91 755-4027100, 2774340,42, www.mpstdc.com
क्रमांक 464/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 01.10.2026

निविदा सूचना 339

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:-** तुलसी नगर जिला भोपाल स्थित वन भवन के ब्लॉक-ई के तीन तलों के फिनिशिंग, विद्युतीकरण, ई.एल.व्ही. एवं एच.व्ही.ए.सी. के कार्य। **(08 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 2076.00 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 21.10.2026 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/128342/2026 कार्यपालन यंत्री

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/4052/लोनिवि/नपानि/2026-27 // प्रथम निविदा सूचना// छिन्दवाड़ा दिनांक 1/10/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_540303_1 Dated 02/10/2026	वार्ड क्रमांक 18 में रवि उईके से फारुख खान एवं राजकुमार से श्याघम मालवी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1. 826617 2. 3 माह	1. 2000 2. 8267	16/10/2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

चिंतन

दवा पर मुनाफे की सीमा निर्धारित करने का समय



मुद्दा
डॉ. अश्वनी महाजन

दवा कोई सामान्य बाजारू वस्तु नहीं है। जब किसी व्यक्ति को जीवन बचाने के लिए दवा की जरूरत पड़ती है तो उसके सामने कीमत और इलाज के बीच चुनाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी दवा की कीमत निर्माता से निकलने के बाद आपूर्ति श्रृंखला में कई गुना बढ़ जाती है तो यह केवल बाजार व्यवस्था का सवाल नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकार का विषय बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने इसी गंभीर सवाल को देश के सामने फिर से ला खड़ा किया है। 29 सितंबर को दवा कीमतों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दवा के उस मूल्य अंतर पर कड़ी टिप्पणी की, जिसमें किसी दवा का खुदरा विक्रेता को मूल्य और पैकेट पर छपी अधिकतम खुदरा कीमत यानी एमआरपी के बीच बहुत बड़ा अंतर था। मामला एक आवश्यक कैंसर दवा का था जो खुदरा विक्रेताओं को करीब 2,700 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही थी, जबकि उसका एमआरपी लगभग 27,000 रुपये था। अदालत ने इस अंतर को लेकर बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया और केंद्र से पूछा कि 2013 के ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर यानी डीपीसीओ में निर्धारित 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन सभी आवश्यक दवाओं पर लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को केवल किसी एक दवा या कंपनी के संदर्भ में देखने के बजाय उस व्यापक व्यवस्था के संदर्भ में देखना चाहिए जिसमें दवा की कीमत तय होती है। भारत में आवश्यक दवाओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए डीपीसीओ और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एनपीपीए की व्यवस्था पहले से मौजूद है। आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल दवाओं के लिए एनपीपीए अधिकतम कीमत तय करता है। इस कीमत की गणना में बाजार में उपलब्ध समान दवाओं के खुदरा विक्रेता मूल्य का औसत और 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन शामिल होता है। समस्या यह है कि सभी दवाएं इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आतीं। डीपीसीओ मुख्य रूप से कीमत में 12 महीने में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि पर रोक लगाता है। यही वह जगह है, जहां मौजूदा व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि किसी दवा का शुरुआती एमआरपी ही वास्तविक लागत की तुलना में कई गुना अधिक तय कर दिया जाए तो बाद में कीमत बढ़ाने की सीमा 10 प्रतिशत रखना बहुत प्रभावी नियंत्रण नहीं रह जाता। ऊंची शुरुआती कीमत ही भविष्य की कीमतों का आधार बन जाती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि किसी दवा की कीमत साल में कितनी बढ़ी, बल्कि यह भी होना चाहिए कि वह कीमत शुरू में तय कैसे हुई। सरकार को इस मुद्दे पर व्यापक नीति बनाने की जरूरत है। दवा उद्योग में अनुसंधान, नई दवाओं के विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, आयातित कच्चे माल, उत्पादन, वितरण और निवेश की वास्तविक लागत होती है, लेकिन इन लागतों के नाम पर ऐसी कीमत भी उचित नहीं ठहराई जा सकती जिसमें मरीज और निर्माता के बीच मूल्य का अंतर असामान्य रूप से बढ़ जाए। इसलिए एक व्यावहारिक रास्ता यह हो सकता है कि जीवनरक्षक दवाओं के लिए एमआरपी और लागत के बीच उचित मार्जिन की पारदर्शी सीमा तय की जाए। इसमें निर्माता, वितरक, विक्रेता और अस्पताल समेत पूरी आपूर्ति श्रृंखला के मार्जिन को अलग-अलग देखा जाए। जहां किसी चरण पर असाधारण मुनाफा हो रहा हो, वहां सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार होना चाहिए। विशेष रूप से अस्पतालों में बेची जाने वाली दवाओं के मामले में पारदर्शिता और जरूरी है।

मुफ्तखोरी क्या वैश्विक समस्या बनेगी

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिसके चलते देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा है।

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। इसी प्रकार की फ्रीबीज़ की घोषणाएं कुछ अन्य देशों में भी देखने और सुनने को मिलने लगी हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी व्यस्क लोगों (यानी मतदाताओं) को 5 हजार डॉलर देने की पेशकश की गई है, जिसमें शर्त यह है कि मध्यावधि चुनावों के मद्देनजर आप ट्रंप की पार्टी को वोट दीजिए। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां भारत के प्रजातंत्र के बारे में टिप्पणियां तो करती ही हैं, भारतीय प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण चुनाव एवं सत्ता हस्तांतरण, प्रेस, मीडिया और बोलने की स्वतंत्रता, स्वायत्त न्याय पालिका एवं अन्य संस्थाओं के बावजूद भारतीय प्रजातंत्र को अत्यंत निचले स्तर पर रेटिंग की जाती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीधे तौर पर वोट के बदले नोट देने की पेशकश, दुनिया में एक नई बहस को जन्म दे रही है कि क्या अब विकास, स्वच्छ प्रशासन, संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, आमजन के लिए सुविधाओं की बजाए फ्रीबीज़ के आधार पर प्रजातंत्र में मतदाता वोट डाला करेंगे। ऐसे में यदि सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दल वोटरों को राशि देने की पेशकश करने में प्रतिस्पर्द्धा करने लगे तो उसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता यहां रुकने वाली नहीं है, यह नीचे राज्यों (स्टेट्स) तक जाएगी और वहां गवर्नर की रेस में लगे दल भी इसी प्रकार की पेशकश करने लगे, तो उसका असर जन सेवाओं पर कितना पड़ सकता है, इसका अंदाज भारत में इस प्रतिस्पर्धा से लगाया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी योजनाओं की शुरुआत कहां से हुई, उसके बारे में चर्चा करते हुए यदि हम उसके प्रकार और फैलाव के बारे में देखते हैं तो ध्यान में आता है कि सरकारी खजाने पर इसका सर्वाधिक असर पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों में ज्यादा दिखाई देता है। भारत के महालेखाकार और अकेंक्षक (कैग) के अनुसार 2024-25 में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, और तमिलनाडु में कुल सरकारी खर्च के 13.5 प्रतिशत से ज्यादा इस प्रकार की योजनाओं में खर्च हो रहा था। हालांकि, तमिलनाडु और दिल्ली इन मुफ्तखोरी योजनाओं के खासे चर्चित उदाहरण रहे हैं, लेकिन इन राज्यों में सरकारी कर्ज सरकारी खातों में दिखाई नहीं देता, लेकिन यह इसलिए है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति सरकारी राजस्व, राष्ट्रीय औसत के दुगने से भी अधिक है। इसका अप्रत्यक्ष कारण यह है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसत के मुकाबले दुगनी से भी अधिक है। कमोबेश यही स्थिति तमिलनाडु की भी है। भारतीय जनता पार्टी इन मुफ्तखोरी योजनाओं का



सैद्धांतिक रूप से विरोध करती रही है। अन्य राजनीतिक दलों की मुफ्तखोरी योजनाओं के मद्देनजर अब यह पार्टी भी सत्ता के समीकरण अपने पक्ष में करने हेतु खुलकर इन मुफ्तखोरी योजनाओं की केवल घोषणा ही नहीं कर रही, बल्कि उनके फायदे भी गिना रही है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में लाडली बहन योजना, दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और कई अन्य राज्यों में इस प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। हालांकि यह मुफ्तखोरी योजना ही है, लेकिन यह पार्टी की राजनीतिक मजबूरी भी कही जा सकती है।

दिल्ली की महिलाओं के लिए दी जाने वाली राशि केवल इसके लिए पात्र (ग़रीब) महिलाओं को ही मिलेगी। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही मुफ्त बिजली, पानी आदि की सुविधा को बरकरार भी रखा है। इन सभी मुफ्तखोरी योजनाओं का असर देश पर बढ़ते कर्ज के रूप में भी दिखाई देता है। गौरतलब है कि 2010-11 में देश पर सम्मिलित कर्ज केंद्र और राज्य जीडीपी का 65.6 प्रतिशत था। जिसमें केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी का 48.58 प्रतिशत और राज्यों का कर्ज जीडीपी का 23.5 प्रतिशत था। गौरतलब है कि देश पर सम्मिलित कर्ज आकलित करने के लिए केंद्र और राज्यों के आपसी लेनदेन को समायोजित किया गया है।

2024-25 में यह कर्ज बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। जहां केंद्र सरकार का कर्ज 48.8 प्रतिशत से बढ़कर 57.5 प्रतिशत तक पहुंचा, राज्य सरकारों पर कर्ज 23.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 28.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। जिन राज्यों द्वारा मुफ्त खोरी की योजनाओं को ज़्यादा अपनाया गया है, उन राज्यों का क़र्ज़ राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 2024–25 में, कई राज्यों पर उनके जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) के मुकाबले काफ़ी ज़्यादा कर्ज़ था। पंजाब में यह 47.3 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 44.0 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 38.0 प्रतिशत, केरल में 37.0 प्रतिशत, राजस्थान में 36.0 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 34.7 प्रतिशत। कर्ज का इतना ज़्यादा बोझ राजकोषीय गुंजाइश को सीमित करता है, ब्याज का बोझ बढ़ाता है और उत्पादक सार्वजनिक निवेश को रोक सकता है। आमदनी से ज्यादा खर्च और तदनुसार घाटे के बजटों ने देश पर कर्ज बढ़ाया ही है, लेकिन हाल ही में मुफ्तखोरी की योजनाओं के चलते यह गति और तेजी से बढ़ी है। गौरतलब है कि 2010-11 और 2018-19 के बीच देश पर कुल कर्ज 63.6 प्रतिशत से मामूली सा बढ़कर 66.5 प्रतिशत तक ही हुआ था। लेकिन पिछले मात्र 6 वर्षों में यह 2024-25 तक बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच जाना वास्तव में चिंता का विषय है। यह भी सही है कि केंद्र सरकार की देनदारी में बड़ी वृद्धि कोरोना काल में हुई थी, जब 2019-20 और 2020-21 के दौरान केंद्र सरकार की देनदारियां जीडीपी के 62.9 प्रतिशत और राज्य सरकारों की देनदारियां 31.1 प्रतिशत तक पहुंच गई और दोनों की सम्मिलित देनदारियां 88.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि उसके बाद सम्मिलित लेनदारिया 81.9 प्रतिशत तक घट गई है, जिनमें केंद्र की देनदारियां 57.1 प्रतिशत हैं और राज्यों पर अभी भी ये 28.5 प्रतिशत बनी हुई हैं। ध्यातव्य है कि लेकिन अभी भी यह 2010-11 के 65.6 प्रतिशत से कहीं अधिक हैं।

समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिस के चलते देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ा है। दुनिया में प्रजातंत्र का मजाक बना रही ये मुफ्तखोरी योजनाएं, देशों की बर्बादी की कहानी लिख रही हैं। इस संबंध में जनता से ही सशक्त आवाज़ उठने की ज़रूरत है, ताकि दुनिया को आर्थिक बर्बादी से बचाया जा सके।

(लेखक पूर्व प्रोफ़ेसर, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

गांधी जयंती विशेष




रोहित कौशिक

दिल में नफरत पालकर गांधी को नहीं समझा जा सकता

महात्मा गांधी को समझने के लिए हमारा हृदय निर्मल होना चाहिए। अपने दिल में नफरत पालकर हम गांधी को नहीं समझ सकते। आमतौर पर इस पढ़े-लिखे समाज में जब गांधी पर कोई चर्चा होती है तो उसमें हास्य का भाव ज्यादा होता है। लोगों को लगता है कि इस दौर में गांधी के आदर्शों को अपनाकर जिंदगी नहीं चल सकती। सवाल यह है कि गांधी के आदर्श क्या हैं ? सत्य, अहिंसा और ईमानदारी ही तो गांधी के आदर्श हैं। क्या हम अपने बच्चों को यह शिक्षा देते हैं कि खूब झूठ बोलो, लड़ाई-झगड़े करो और बेईमानी के रास्ते पर चलो। बेईमान व्यक्ति भी अपने बच्चों को सीधे तौर पर ऐसी शिक्षा नहीं देता है। यह बात अलग है कि बच्चे व्यावहारिक रूप से अपने पिता की बेईमानी देखकर उसी रास्ते पर आगे बढ़ने लगते हैं। हम अपने घर में भी बच्चों को अच्छा बनने की ही शिक्षा देते हैं।

फिर क्या कारण है कि हम गांधी के रास्ते को व्यावहारिक नहीं मानते हैं? गांधी का रास्ता हमें मुश्किल लगता है। समाज में अच्छाई का उपदेश देने वाले वाले साधु-संतों और मुल्ला-मौलवियों के आगे हम नतमस्तक हो जाते हैं, लेकिन सच्चे अर्थों में अच्छाई स्थापित करने की कोशिश करने वाले गांधी को हम हास्य के तौर पर क्यों देखने लगते हैं? क्या यह हमारा खोखला आदर्शवाद



नहीं है ? आमतौर पर यह कहा जाता है कि इस दौर में शांत रहकर गांधी के अहिंसा के सिद्धान्त को नहीं अपनाया जा सकता। अगर हम शांत रहेंगे तो इसे हमारी कमजोरी मान लिया जाएगा। गलत बातों का प्रतिकार करना और शांत रहना दो अलग बातें हैं। अगर हम शांत प्रवृत्ति के हैं और शांति व अहिंसा चाहते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम गलत बातों का प्रतिकार नहीं कर सकते। गांधी ने शांत रहकर अहिंसा के माध्यम से ही गलत बातों का प्रतिकार किया। क्या इस दौर में यह संभव हो सकता है ? इस दौर में यह मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। शांति और अहिंसा की अपनी एक अलग शक्ति होती है। इस समय हमने ऐसा वातावरण बना दिया है कि हमारे लिए इस शक्ति को महसूस करना थोड़ा मुश्किल हो गया है। हम इतनी हड़बड़ी में हैं कि इस शक्ति को महसूस नहीं करना चाहते। हम हिंसा के माध्यम से दूसरे को तत्काल दबा देना चाहते हैं। आर्थिक समृद्धि ने हमारी मानसिकता में एक बड़ा परिवर्तन किया है। इस परिवर्तन से उपजे आत्मविश्वास के कारण हम हर किसी को देख लेने की धमकी देने लगे हैं। गांधी ने किसी को देख लेने की धमकी नहीं दी और अहिंसा के माध्यम से ही अंग्रेजों को देख लिया। अहिंसा के प्रयोग को हमने कमजोरी से जोड़ लिया है। हमें यह डर रहता है कि यदि हम अहिंसा के मार्ग पर चलेंगे तो कमजोर मान लिए जाएंगे। जब तक हम अहिंसा के प्रयोग से डरते रहेंगे तब तक अहिंसा की शक्ति को महसूस नहीं कर पाएंगे। हम यह नहीं समझ पाते हैं कि हिंसा की शक्ति तात्कालिक होती है, लेकिन अहिंसा की शक्ति दीर्घकालिक होती है। अगर हम दीर्घकालिक शक्ति के मार्ग पर चलेंगे तो कुछ समय बाद तात्कालिक शक्ति कमजोर हो जाएगी। जब लोग धीरे-धीरे अहिंसा की शक्ति समझने लगेंगे तो हिंसा के खत्म होने की संभावना बढ़ जाएगी। लेकिन इस प्रक्रिया के लिए धैर्य की जरूरत है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे पास धैर्य की कमी है और हम गांधी पर यह आरोप लगाते हैं कि इस दौर में अहिंसा और ईमानदारी के माध्यम से कुछ संभव नहीं हो सकता।

इस दौर में भी गांधी प्रासंगिक है। गांधी के प्रति पूर्वाग्रहों के कारण ही यह कहा जाता है कि इस दौर में गांधी प्रासंगिक नहीं हैं। सवाल यह है कि एक जमाने में जिस गांधी के पीछे लाखों लोग हो लेते थे, आज उसी गांधी के बारे में नकारात्मकता का भाव क्यों है ? हमारे पुरखों ने गांधी में कुछ अच्छाइयां देखी होंगी, तभी उन्होंने गांधी पर भरोसा जताया। आज हम गांधी में बुराइयां ढूंढ़ रहे हैं। गांधी पर सवाल उठाना और स्वयं सवालों से बच जाना बहुत आसान है। दूर खड़े होकर गांधी को नहीं समझा जा सकता है। गांधी को समझने के लिए हमें गांधी के पास जाना होगा। कौन हैं वे लोग जिन्हें गांधी के पास जाने से डर लगता है? निश्चित रूप से हिंसक लोगों को गांधी के पास जाने से डर लगता है। ऐसे लोग ही डरकर गांधी पर विभिन्न आरोप लगाते हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जो लोग गांधी जैसे अहिंसक और प्रेमी इंसान से भी डरते हैं वे कितने कमजोर लोग हैं। जाहिर है कि कमजोर लोग गांधी को नहीं समझ सकते। गांधी को समझने के लिए प्रेम की शक्ति चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

गरीब विद्वान व राजा भोज बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछा- आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहा- जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो... वह सोचने लगे- मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछा- क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहा- मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछा- कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोला- महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछा- मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दिया- राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत के समक्ष नई चुनौती

आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग कुछ ही सेकंड में देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडिया ने सूचना के आदान-प्रदान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। अब सूचना का इस्तेमाल केवल लोगों को जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओं को प्रभावित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्ध का अर्थ है ऐसी सूचनाओं का इस्तेमाल करना, जिनके माध्यम से लोगों की सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयों को प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं।

- मुकेश शर्मा, रेवाड़ी

ट्रेंड

नितेश को बधाई



एशियन गेम्स में पुरुषों की ग्रीको-रोमन 97 किलो कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतने पर नितेश को बधाई। भारत के 64 साल के इंतज़ार को खत्म करते हुए, नितेश ने भारत के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश

सामाजिक न्याय



मोदी जी सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ़ हैं। उनका पूरा सिस्टम शिक्षा से नफ़रत करता है क्योंकि वे नहीं चाहते कि छात्र सोचें या सवाल पूछें। एक ट्वीट में, बाबासाहेब अंबेडकर की "एनिहिलेशन ऑफ़ कास्ट" (जाति का विनाश) जैसी ज़रूरी किताब के बारे में कहा गया कि ये युवाओं के दिमाग में "ज़हर" घोलती है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सम्मान और दाम



हरियाली सिर्फ़ खुशहाली की निशानी नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर घर-आंगन में फलनी-फूलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन होगा जब किसानों, खेती, ग्रामीणों को उनकी मेहनत का सम्मान और दाम, दोनों मिलें। -अखिलेश यादव, सांसद, सपा


एआई निष्पक्ष नहीं



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी ताकत है जो बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव ला रही है और मेरी नज़र में, करुणा भी कुछ ऐसी ही है। एआई कभी भी निष्पक्ष नहीं होता; यह हमारी कमियों, पूर्वाग्रहों और इरादों को अपनाकर उन्हें कई गुना बढ़ा देता है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर


लाहौर में नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृष्णा नगर इलाके में स्थित नेहरू पार्क उस स्थान पर बना है, जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन के दौरान 31 दिसंबर, 1929 को 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में भारत के लिए पूर्ण स्वशासन और ब्रिटिश शासन से पूरी स्वतंत्रता की मांग की गई थी। उस समय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने इस घोषणा के प्रतीक के तौर पर इसी स्थान पर भारतीय ध्वज फहराया था। पार्क्स एंड हॉर्टिकल्चर अथॉरिटी (पीएचए) के महानिदेशक अहमद उस्मान जावेद ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक नेहरू पार्क का पूरी तरह जीर्णोद्धार करने का फैसला किया है और इस दिशा में काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, 'बागवानी शाखा पार्क को नया रूप देने के लिए हरी-भरी घास और रंग-बिरंगे मौसमी फूल लगा रही है, जबकि इंजीनियरिंग टीम रात में रोशनी की व्यवस्था करने के साथ बेंच और बच्चों के झूले लगाएगी, ताकि इसे परिवारों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।'

ऑफ बीट

भूजल घटने से धंस रहे दुनिया के शहर, रोक सकते हैं प्रक्रिया



दुनिया के कई शहरों के नीचे मौजूद भूजल भंडारों से जरूरत से ज्यादा पानी निकाले जाने के कारण जमीन धंस रही है जिससे तटीय शहरों पर समुद्र के बढ़ते जलस्तर का खतरा और बढ़ रहा है। हालांकि, नए शोध के अनुसार भूजल भंडारों को फिर से भरने से जमीन के धंसने की प्रक्रिया को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोध में यह भी सामने आया कि भूजल की तेजी से बहाली और जमीन के ऊपर उठने की प्रक्रिया में भूमिगत भ्रंश रेखाएं (फॉल्ट लाइन) महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भूमि का धीरे-धीरे नीचे धंसना दुनिया के कई बड़े शहरों के लिए चुनौती बन गया है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के कुछ हिस्से हर साल 10 सेंटीमीटर से अधिक धंस रहे हैं, जिसके कारण सरकार को शहर को स्थानांतरित करने की योजना बनानी पड़ी है। चीन के तटीय शहर तियानजिन में करीब 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। यदि वहां जमीन के धंसने की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो 2120 तक शहर की 15 प्रतिशत आबादी पानी की चपेट में आ सकती है। सैन डियागो से लेकर ईरान के प्रमुख शहरों तक कई जगह ऐसी ही स्थिति है, जहां भूजल का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से दोबारा भरने की क्षमता से अधिक हो रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे संयंत्र का शुभारंभ

16.80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का होगा भव्य शुभारंभ, दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में तैयार किए गए फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदेश में इसे दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस प्लांट को केंद्र सरकार के 6 करोड़ रुपए के अनुदान तथा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के 10.80 करोड़ रुपए के अंशदान से तैयार किया गया है। इस परियोजना की कुल लागत 16.80 करोड़ रुपए है। संयंत्र की दूध प्रसंस्करण क्षमता 40 हजार लीटर प्रतिदिन है।

प्रतिदिन तैयार होंगे विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध

फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी में आधुनिक मशीनरी एवं तकनीक के माध्यम से विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाएंगे।



परियोजना के अनुसार यहां प्रतिदिन 10 हजार लीटर दूध, 10 हजार लीटर दही और 30 हजार लीटर छाछ के उत्पादन की क्षमता होगी। इसके अलावा प्रतिदिन 1 हजार लीटर लस्सी, 800 किलोग्राम श्रीखंड और 1 हजार किलोग्राम मावा तैयार किया जा सकेगा। इस संयंत्र के माध्यम से दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के उत्पादन को आधुनिक एवं व्यवस्थित प्रसंस्करण व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इससे सांची के मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों की उत्पादन क्षमता और विविधता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के एमडी जयदेव बिस्वास ने बताया कि फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट भोपाल दुग्ध संघ के लिए आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संयंत्र के माध्यम से दही, छाछ, लस्सी, श्रीखंड और मावा सहित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार के सहयोग और भोपाल दुग्ध संघ के योगदान से तैयार यह परियोजना सहकारी डेयरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

'सहकार से समृद्धि' की दिशा में खास पहल

दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि और मूल्यवर्धित उत्पादों का विस्तार सहकारी डेयरी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीक आधारित यह संयंत्र दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ावा देने में सहायक होगा। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा।

अतिरिक्त आधारभूत संरचना कराएगा उपलब्ध

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मौजूदा दुग्ध प्रसंस्करण ढांचे के साथ यह नया संयंत्र मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए अतिरिक्त आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगा। इससे दुग्ध उत्पादों के विविधीकरण और आधुनिक प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा। फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी के माध्यम से दूध से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की क्षमता में वृद्धि होगी और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री (जेड प्लस सुरक्षा) अमित शाह के 2 और 3 अक्टूबर को भोपाल दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। अतिविशिष्ट सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजधानी के प्रमुख कार्यक्रम स्थलों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे को तत्काल प्रभाव से 'रेड जोन' और 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया गया है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। पुलिस व प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत भोपाल के प्रमुख स्थानों से 5 किमी की परिधि में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ताज लेक फ्रंट होटल में रूकेंगे। यहां से वे भेल दशहरा मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा आईसर भौरी जाएंगे। गृह मंत्री की सुरक्षा को देखते हुए चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस के साथ ही विशेष सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है।

ड्रोन और पैराग्लाइडर उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध

घोषित किए गए रेड जोन और नो फ्लाइंग जोन के भीतर किसी भी प्रकार के ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या अन्य किसी भी तरह के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट (उड़ने वाली वस्तुओं) को उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

भोपाल। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं की ओर से संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों की ओर से संचालित साइबर कैफे पर की गई है। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। इनके लिए पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था मैं सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक, कम मतों से जीती सीटों पर चर्चा

संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा के साथ ही महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर सहित अन्य नेता और मंत्री मौजूद रहे। बैठक में पिछली विधानसभा में हारी हुई 66 विधानसभा सीटों को लेकर भी चर्चा हुई। इन सीटों पर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए अलग रणनीति तैयार करने के साथ ही हार-जीत के अंतर पर भी मंथन हुआ। इसके अलावा 5 हजार या उसे कम मतों के अंतर से जीती हुई सीटी को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में इन सीटों पर संगठन की स्थिति का आंकलन कर जमीनी स्तर पर काम बढ़ाने की बात कही गई। इन क्षेत्रों में पार्टी के कमजोर बूथ, मंडल और विधानसभा स्तर के संगठन की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार करने, सरकार और संगठन के बीच समन्वय के साथ काम करने तथा सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों और जमीनी स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने पर भी मंथन किया गया।



सीएम व प्रदेशाध्यक्ष संग नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी बैठक में जाते हुए।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कोर ग्रुप की बैठक में संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने सहित अन्य सभी विषयों पर मंथन हुआ है। खण्डेलवाल ने कहा कि आज से ही पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने आज संगठनात्मक गतिविधि और गति देने का कार्य प्रारंभ किया है। कोर ग्रुप की बैठक में संगठन और सरकार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मैंने प्रदेश संगठन के आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याण एवं विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, पार्टी के समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विषय पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कोर ग्रुप के सदस्यों ने अपने विचार एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आने वाले समय में किन विषयों को लेकर पार्टी को जनता के बीच जाना है और संगठन की गतिविधियों को किस प्रकार और अधिक प्रभावी बनाना है, इस पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सेवा कार्यों को जन जन तक पहुंचाने पर बैठक में मंथन

संगठन के जरिए जनसेवा के कार्यों को और व्यापक बनाना है

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य संगठन की शक्ति के माध्यम से जनसेवा को और व्यापक बनाना है। सरकार और संगठन मिलकर जनता की सेवा के कार्यों को और आगे बढ़ाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर बैठक में गंभीरता से मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिन विषयों और सुझावों पर चर्चा की गई है, उन विषयों की प्रगति की समीक्षा आगामी महीनों में होने वाली कोर ग्रुप की बैठक में की जाएगी।

किनारे खड़े विजयवर्गीय पास बुलाया

शाम को बिप्लब कुमार भाजपा कार्यालय पहुंचे। मप्र भाजपा के बड़े नेता भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां बैठक शुरू हुई।



इसके पहले प्रदेश कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल एक किनारे खड़े थे। इसी दौरान बिप्लब देव ने इशारे से कैलाश विजयवर्गीय को अपने पास बुलाया। विजयवर्गीय उनके पास पहुंचे और दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद देव पार्टी नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए।

उज्जैन पहुंची सेवा संकल्प यात्रा युवा संवाद में सीएम वर्चुअली जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं। उनकी ओर से किए जा रहे जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वड़नगर तक चल रही सेवा यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा के लिए सेवा यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित कार्यक्रमों से नागरिकों को जोड़े। अलग-अलग राज्यों से जुड़े सेवा यात्री खान पान,संस्कृति का आपस में आदान प्रदान करें एवं सदभावना के साथ यात्रा को आगे बढ़ाएं। सेवा यात्रियों ने ग्राम कनासिया से उज्जैन जिले में प्रवेश किया। यात्रियों ने पौध-रोपण किया। उन्होंने विक्रम यूनिवर्सिटी के तालाब की साफ-सफाई भी की।

महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ आज अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर कर रहा वरिष्ठजनों का सम्मान

जबलपुर। अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ एवं महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठजनों का सम्मान आज शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे से निराश्रित वृद्ध आश्रय गृह मेडिकल कॉलेज के आगे, बाजना मठ, तिलवारा रोड, में करा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सावला राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद सेठ अध्यक्ष, अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ होंगे तथा अध्यक्षता एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया अध्यक्ष, महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ करेंगे। किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर उपस्थित की अपील महाकौशल क्षेत्रीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष एड. उत्तमचंद गुप्ता बिलैया, जगदीश बरसैंया अध्यक्ष प्रभारी क्षेत्रीय ग. वै. वरिष्ठ संघ, सुभाष चंद्र रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश तपा कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश कनकने मंत्री, एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य सहित पूर्व समाज अध्यक्ष विजय सुहाने ने की है।

पुलिस कर रही मामले की जांच

महिला पर धर्मांतरण का दबाव पति, सास-ससुर पर केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक महिला पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला की ओर से दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस विभाग इस पूरे मामले की गहन जांच कर रहा है।

पीड़िता का हिंदू रीति-रिवाज से विवाह विनीत सुता के साथ संपन्न हुआ था। पीड़िता अपने पति और सास-ससुर के साथ तेलीबांधा क्षेत्र के अंतर्गत सतनामी पारा में निवास कर रही थी। महिला का आरोप है कि उसका पति विनीत सुता, सास निवेदिता सुता और ससुर अजय सुता उस पर लगातार धर्मांतरण करने तथा ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए दबाव बना रहे थे।

धर्मांतरण से इंकार किया तो की मारपीट

पीड़ित महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर की रात करीब 8 बजे परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। उसी समय ससुराल वालों ने उस पर फिर से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाला। इंकार करने पर पति, सास और ससुर ने मिलकर उसके साथ लात-घूंसों से गंभीर मारपीट की। महिला का आरोप है कि इस दौरान उसके ससुर अजय सुता ने स्पष्ट रूप से कहा कि उसके बेटे का विवाह केवल धर्मांतरण करवाने के उद्देश्य से ही कराया गया था। इस टिप्पणी पर पति और सास हंसते रहे तथा धर्मांतरण न करने की स्थिति में जान से मारने की धमकी भी दी गई।

परिवार वालों को महिला ने बताई अपनी पीड़ा

इस घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने पूरी बात की जानकारी अपने भाई ललित पटेल, बड़ी बहन संगीता पटेल, परिचित भूषण साहू और योगेश सैनी को दी। इसके पश्चात परिजनों एवं परिचितों के साथ पीड़िता तेलीबांधा थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। तेलीबांधा थाना प्रभारी अजय झा ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले में शामिल तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अधिकारी इस मामले में आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

एंबुलेंस डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त

दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत, तीन अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नेशनल हाईवे-30 पर संबलपुर के पास एक सड़क हादसा हो गया। रायपुर से जगदलपुर लौट रही एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी। हादसे में महारानी अस्पताल की 35 वर्षीय नर्स शबनम खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची अर्जुनी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल भिजवाया। घायलों को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मरीज की मौत के बाद लौट रहा था परिवार

मिली जानकारी के अनुसार, जगदलपुर के कंगोली डोंगरीपारा निवासी 72 वर्षीय राजेंद्र खत्री विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे। उनकी मृत्यु के बाद परिजन शव को लेकर एंबुलेंस से जगदलपुर लौट रहे थे। गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे एंबुलेंस रायपुर से रवाना हुई। इस दौरान एंबुलेंस में मृतक के पुत्र देवेंद्र खत्री, उनकी पत्नी उषा खत्री, बेटी मीनाक्षी और महारानी अस्पताल की नर्स शबनम खान समेत अन्य लोग सवार थे। तेज रफ्तार एंबुलेंस पहले डिवाइडर से टकराई और फिर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी।

आरोपियों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज, घटना की जांच शुरू

तंत्र-मंत्र और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगे आभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के गंज थाना क्षेत्र के फाफाडीह स्थित जयलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में तंत्र-मंत्र और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर तीन कथित साधुओं ने एक महिला से लगभग 150 ग्राम सोने के आभूषण और नौ हजार रुपये ठग लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना मार्च 2026 की है, जब तीन आरोपी साधु के भेष में महिला नैना परमार के घर के आसपास पहुंचे। बातचीत के दौरान आरोपियों ने महिला को उसकी बीमारी और आंखों की समस्याओं



के बारे में कुछ ऐसी बातें बताईं, जिनसे महिला को लगा कि उन्हें उसके बारे में विशेष जानकारी है। आरोपियों ने परिवार की समस्याएं दूर करने और पूजा कराने का भरोसा दिलाया। पहली बार में उन्होंने पूजा के नाम पर लगभग तीन ग्राम सोने की अंगूठी और नौ हजार रुपये ले लिए। उन्होंने भरोसा दिया था कि पूजा पूरी होते ही सारा सामान वापस कर देंगे।

आरोपियों ने बार-बार किया महिला से संपर्क

आरोपी बार-बार महिला के घर पहुंचने लगे और मोबाइल नंबर देकर फोन पर भी संपर्क बनाए रखा। लगातार पूजा का झांसा देकर सोने-चांदी के जेवर मांगते रहे। लगभग सात बार में आरोपियों ने महिला से करीब 150 ग्राम सोने के आभूषण ले लिए, जिनमें अंगूठी, चेन, हार, चूड़ियां और कंगन शामिल थे। आरोपियों ने महिला को धमकी दी थी कि यदि उसने इस बारे में किसी को बताया तो बड़ी अनहोनी या किसी सदस्य की अकाल मौत हो सकती है। इस डर के कारण महिला ने महीनों तक परिवार से बात छिपाई।

महिला ने अपने पति को बताई पूरी घटना

गत 7 सितंबर से आरोपी दोबारा महिला से आभूषण और नकदी की मांग करने लगे। महिला के पास और सामान न होने पर भी वे लगातार फोन करते रहे। अंततः 25 सितंबर की रात जब महिला के पति जसवंत परमार घर पहुंचे, तो महिला ने रोते हुए पूरी बात बताई। इसके बाद पति तुरंत गंज थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश कर रही है।

मानदेय बढ़ाने, पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं

वादा खिलाफी के विरोध में सड़कों पर उतरे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रोशनपुरा चौराहे पर बुधवार को सरपंचों ने प्रदर्शन किया। पंचायतों से जुड़े नियम और मांगों को लेकर राष्ट्रीय सरपंच संघ के बैनर तले सरपंच एक जगह जुटे थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के सामने पंचायतों को अधिक अधिकार देने, सरपंचों का मानदेय बढ़ाने और पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं। संघ के पदाधिकारियों ने टीटी नगर थाने में एक शिकायत भी पेश की, जिसमें पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा पंचायतों के अधिकार और दो करोड़ रुपए की राशि देने की बात कही गई है, जबकि ऐसा नहीं है। केंद्रीय मंत्री के



बयान की वजह से सरपंचों को पंचायत में जवाब देना मुश्किल हो गया। संघ ने पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। साथ ही वे टीटी नगर थाने भी पहुंच गए। उन्होंने जीरामजी योजना के तहत फेस रीडिंग व्यवस्था पर नाराजगी जताई। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से खासतौर पर महिला मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की नई वेतन में बढ़ाए सिर्फ डेढ़ सौ रुपए

भोपाल। श्रम आयुक्त ने प्रदेश के शासकीय विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन में 1 अक्टूबर 2026 से मार्च 2027 तक के लिए नई वेतन वृद्धि के आदेश जारी किए गए है। नई वेतन वृद्धि में मात्र डेढ़ सौ रुपए प्रतिमाह के वृद्धि की गई है। मप्र कर्मचारी मंच ने नई वेतन वृद्धि को ऊंट के मुंह में जीरा के समान कहा। मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन वृद्धि में पुनः विचार कर एक हजार प्रतिमाह वेतन वृद्धि करने के आदेश करने की मांग की।

जलभवन मुख्यालय पर प्रदर्शन स्थगितः अपर मुख्य सचिव ने मांगों पर जताई सहमति



भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के आवाहन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कर्मचारी की मांगों को लेकर गुरूवार एक अक्टूबर को जल भवन मुख्यालय पर प्रस्तावित घेराव प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। बुधवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई मांगों पर चर्चा में हुई सहमति के बाद प्रस्तावित आंदोलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। संघ के संरक्षक शिल्प प्रताप सिंह पुंडीर, अध्यक्ष प्रणव खरे ने बताया कि संघ की मांगे कार्यभारित सेवा के अस्थाई संवर्गों को पद विभेदीकरण नीति अंतर्गत स्थाई संवर्गों में परिवर्तित करने, 240 दिवस सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगियों के संबंध में शासन से मार्गदर्शन बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं 45 वर्ष पूर्ण कर चुके लिपिक को भी पदोन्नति हेतु विवाह की परीक्षा की छूट प्रदान करने, कार्यभारित सेवा भर्ती नियमों में संशोधन कर पदोन्नति लाभ देने, संविदा नीति वर्ष 2023 के अनुकंपा नियुक्ति देने और चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति में पदोन्नति बाध्यता में सीपीसीटी हटाए जाने के संबंध में सामान प्रशासन विभाग में की गई चर्चा अनुसार समाधान करने का आश्वासन अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर व्यास मुनि चौबे, डॉ देवी सिंह सनोदिया, दिनेश तिवारी, सुग्रीव सिंह, भगवान सिंह ठाकुर सहित संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी मांग का नोटिस



नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक को अपने खातों में निर्धारित न्यूनतम राशि बनाए रखने वाले ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर 229 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी मांग को लेकर कारण बताओ नोटिस मिला है। 2017 की धारा 73 के तहत अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय माल एवं सेवा कर की ओर से नोटिस मिला है।

रुपया 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर रहा। यह दो महीने से अधिक समय में रुपये का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी की चिंता के बीच रुपये पर आगे भी दबाव बना रह सकता है।

ए-वन स्टील्स की बाजार में अच्छी शुरुआत



नई दिल्ली। ए-वन स्टील्स इंडिया लिमिटेड का शेयर 405 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 462 रुपये पर कारोबार शुरू किया, जो निर्गम मूल्य से 14 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 12.34 प्रतिशत अधिक 455 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

वीबीएल का अधिग्रहण सौदा मध्यस्थता में भेजा गया



नई दिल्ली। वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (वीबीएल) की दक्षिण अफ्रीकी कंपनी क्रिकली डेयरी प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण की प्रस्तावित योजना को मध्यस्थता के लिए भेज दिया गया है। इसकी वजह 30 सितंबर, 2026 की समयसीमा तक एक पूर्व शर्त का पूरा नहीं हो पाना है। इसका उद्यम मूल्य 23.8 करोड़ दक्षिण अफ्रीकी रैंड (करीब 131.47 करोड़ रुपये) था।

बागची होंगे एचडीएफसी बैंक के नए सीईओ



नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को अनूप बागची को तीन साल के लिए अपना प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति 27 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी होगी। बागची फिलहाल आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं। वह शशिधर जगदीशन की जगह लेंगे, जिन्होंने अगस्त में कहा था कि 26 अक्टूबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पुनर्नियुक्ति नहीं चाहेंगे।

सोना 500 रुपए चढ़ा और चांदी 5000 रुपए गिरी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 500 रुपये बढ़कर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। रुपये के कमजोर होने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने में तेजी को समर्थन मिला। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एआई से साइबर हमलों की रफ्तार बढ़ी, पर बचाव भी यही करेगा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिस कैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के आने से साइबर हमलों की रफ्तार, दायरा और स्वचालन बढ़ गया है लेकिन यही प्रौद्योगिकी साइबर हमलों से बचाव का महत्वपूर्ण साधन भी बन सकती है। कैन ने यहां आयोजित 'थेल्स साइबर समिट 2026' में कहा कि पहले जिन साइबर हमलों के लिए विशेषज्ञों की टीम की जरूरत होती थी, उन्हें अब एआई आधारित उपकरणों (टूल) की मदद से तेजी से अंजाम दिया जा सकता है। उन्होंने एआई प्रणालियों के बढ़ते स्वायत्त इस्तेमाल को भी चिंता का विषय बताया।

- एआई के आने से साइबर हमलों की रफ्तार बढ़ गई है

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी थेल्स के चेयरमैन कैन ने कहा

सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते है हमलावर

चेयरमैन ने कहा कि हमलावर अक्सर किसी कंपनी की कारोबारी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी को निशाना बनाते हैं। ऐसे में संगठनों को केवल हमले रोकने पर ध्यान देने के बजाय घुसपैठ का जल्द पता लगाने और उसके असर को सीमित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। कैन ने कहा कि साइबर सुरक्षा की चुनौती इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि कंपनियां अपने डेटा की सुरक्षा के लिए कई अलग-अलग प्रणालियों का इस्तेमाल करती हैं।



आज के सुरक्षित डेटा को कल डिकोट करने का खतरा

कैन ने क्वांटम कंप्यूटिंग से पैदा होने वाले भविष्य के खतरे की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि आज सुरक्षित माने जाने वाले एनक्रिप्टेड डेटा को भविष्य में अधिक शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटर की मदद से डिकोड किए जाने का खतरा है। इस सम्मेलन में थेल्स ने साइबर सुरक्षा के लिए कुछ समाधान भी पेश किए।

साइबर खतरे अब ऑनलाइन तक सीमित नहीं : रक्षा, वैमानिकी और साइबर एवं डिजिटल क्षेत्र में सक्रिय कंपनी थेल्स के प्रमुख ने कहा कि साइबर खतरे अब केवल ऑनलाइन अपराधियों तक सीमित नहीं रह गए हैं। सरकारों और महत्वपूर्ण सेवाएं देने वाली कंपनियों को भी निशाना बनाया जा रहा है, ताकि उनकी प्रणालियों तक पहुंच हासिल कर सेवाएं बाधित की जा सकें।

एआई एजेंट का इस्तेमाल साइबर जासूसी के लिए

चेयरमैन ने कहा, ''एआई साइबर सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बना है, लेकिन इससे साइबर हमलों से बचाव में भी मदद मिल सकती है। एआई अपने साथ रफ्तार लेकर आया है और सबकुछ बहुत तेजी से हो जाता है। कैन ने कहा कि एआई अब प्रभावी रूप से एक हथियार बन चुका है। उन्होंने ऐसे मामलों का उल्लेख किया, जिनमें एआई एजेंट का इस्तेमाल साइबर जासूसी के लिए किया गया।

वित्त मंत्रालय की जारी रिपोर्ट में कहा गया

व्यापार, कच्चे तेल की अनिश्चितताओं से पूंजी आकर्षित करना भारत के लिए चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह पूंजी प्रवाह आकर्षित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसरों की कमी देश की निवेश लाने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।

वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। इस साल जुलाई-अगस्त के जीएसटी संग्रह, निर्यात आंकड़े समेत उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतक अप्रैल-जून, तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि के बाद आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार में कुछ नरमी का संकेत देते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए बड़ी ताकत

- अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता
- कच्चे तेल की कीमतों में आए दिन आ रहा उछाल
- वैश्विक एआई से जुड़े घटनाक्रमों में भारत के लिए अवसर की कमी
- भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है



रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत को अन्य विकासशील देशों की तरह, पूंजी प्रवाह आकर्षित करने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, संकेत हैं कि शुद्ध आधार पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह इस वित्त वर्ष में पिछले साल की तुलना में बेहतर रह सकता है। इसमें कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती देश के लिए एक बड़ी ताकत है।

वैश्विक परिस्थितियां फिर प्रतिकूल

रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक परिस्थितियां एक बार फिर प्रतिकूल हो गई हैं। सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और भारतीय मुद्रा पर निकट अवधि में दबाव बना हुआ है। मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, ''वैश्विक और उससे उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता का मतलब है कि भारत कोविड के बाद की वृद्धि की उपलब्धियों पर निर्भर होकर नहीं रह सकता।

विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ी

अमेरिका के साथ 'अस्थिर' व्यापार संबंध, कृत्रिम मेधा के चलते वैश्विक स्तर पर पूंजी निवेश और सीमापार पूंजी प्रवाह में बदलाव तथा विकसित देशों द्वारा अपनी विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निवेश हासिल करने की होड़ ने विकासशील देशों के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

भारत में विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है

इसे हर तिमाही अर्जित करना होगा। यही नीति-निर्माताओं के सामने चुनौती है। रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कारोबार के अनुकूल के बजाय अधिक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल' बनाने की जरूरत की बात कही गयी है। इसमें कहा गया कि केवल प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था ही सफल, नवोन्मेषी और विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था बन सकती है।

अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में कड़वाहट

मासिक समीक्षा में कहा गया, ''अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों की स्थिति, शुल्क संबंधी दबाव, कच्चे तेल की कीमतों और आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता तथा वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा से जुड़े घटनाक्रमों में भारत से जुड़ी संभावनाओं का अभाव भारत की स्थिति को आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रभावित कर रहा है। समय के साथ इन चुनौतियों के कम होने पर भारत की वृद्धि क्षमता निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेगी।

जीएसटी संग्रह सितंबर में 15 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू खपत और आयात से होने वाले राजस्व में मजबूत वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटकर 27,001 करोड़ रुपये रहा। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी संग्रह 18.1 प्रतिशत बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। घरेलू गतिविधियों से सकल जीएसटी संग्रह 10.1 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 65,525 करोड़ रुपये रहा।

चालू वित्त वर्ष में यह तीसरा महीना है जब सकल जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार रहा है।



- घरेलू खपत बढ़ने और आयात से होने वाले राजस्व से बढ़ा जीएसटी
- हालांकि, सितंबर में जीएसटी 'रिफंड' तीन प्रतिशत घटा

इससे पहले अप्रैल में जीएसटी संग्रह करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये और जुलाई में 2.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सकल जीएसटी संग्रह 11.6 प्रतिशत बढ़कर 12.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस दौरान शुद्ध संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 10.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि से पता चलता है कि वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है।

चार बड़े राज्यों का संग्रह बढ़ा

उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात और कर्नाटक में संग्रह 16 से 18 प्रतिशत तक बढ़ा है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो देशभर में व्यापक आर्थिक विकास का संकेत देती है।

कंपनियों ने पहली छमाही में निर्गम से रिकॉर्ड राशि जुटाई



- चालू वित्त वर्ष अप्रैल से सितंबर के आईपीओ से 94,205 करोड़ रुपए जुटाए
- छह माह में कुल 78 कंपनियों ने अपना आईपीओ लाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विभिन्न कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में रिकॉर्ड 94,205 करोड़ रुपये जुटाए हैं। प्राइम डेटाबेस की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जैसी बड़ी कंपनियों के निर्गम के बल पर यह पूंजी जुटाई गई।रिपोर्ट के मुताबिक, छह महीने में कुल 78 कंपनियां मुख्य मंच के आईपीओ के साथ बाजार में उतरीं और इनके जरिये 94,205 करोड़ रुपये जुटाए गए। यह राशि पिछले साल की समान अवधि में 65 आईपीओ के जरिये जुटाए गई 69,533 करोड़ रुपये की राशि से 35 प्रतिशत अधिक है।

रिकॉर्ड स्तर पर यह धन जुटाया गया है, जबकि साल की शुरुआत बेहद धीमी रही थी और पहले तीन महीनों में केवल 3,794 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। इसके अलावा, छह महीने के अधिकतर समय में द्वितीयक यानी शेयर बाजारों में भी उतार-चढ़ाव रहा। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीओ गतिविधियों का परिदृश्य भी अच्छा है। सेबी की मंजूरी के साथ कुल 145 कंपनियां करीब 2.78 लाख करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं।

एनएसई ने आईपीओ से 22,563 करोड़ जुटाए

इसमें कहा गया है कि एसएमई आईपीओ को मिलाकर पहली छमाही में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई कुल राशि एक लाख करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 76,330 करोड़ रुपये थी। इस दौरान एनएसई ने आईपीओ 22,563 करोड़ रुपये जुटाए।

एनटीपीसी का बिजली उत्पादन दूसरी तिमाही में 13 प्रतिशत बढ़ा...



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 117.9 अरब यूनिट हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का उत्पादन 104.4 अरब यूनिट था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, एनटीपीसी ने बिजली उत्पादन, कोयला आपूर्ति और बिजली कारोबार समेत सभी क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की परिचालन दक्षता को दर्शाता है। 2026-27 की दूसरी तिमाही में कोयला आपूर्ति सालाना आधार पर 28.45 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1.18 करोड़ टन रही।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सात माह के उच्च स्तर पर

- सितंबर में सूचकांक बढ़कर 55.1 हो गई
- नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि मुख्य वजह रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर में फिर तेजी आई, जिसे घरेलू एवं निर्यात मांग में मजबूती से बढ़ावा मिला। इसके अलावा, कारोबारी धारणा चार महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक सितंबर में दो से अधिक अंक बढ़कर 55.1 हो गया, जो अगस्त में 52.8 था। यह सात महीने में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, ''भारतीय कारखाना क्षेत्र ने तिमाही का अंत मजबूत स्थिति के साथ किया।

त्योहारों से पहले सरकार ने चीनी डीलर के लिए स्टॉक सीमा घटाई

- चीनी रखने की सीमा घटाकर 1000 क्विंटल कर दी
- यह सीमा 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार ने त्योहारों के मौसम में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति और उचित कीमत सुनिश्चित करने के लिए बृहस्पतिवार को डीलर के पास चीनी रखने की सीमा घटाकर 1,000 क्विंटल कर दी। यह सीमा 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगी और डीलर अधिकतम 15 दिन तक का स्टॉक रख सकेंगे।

इसके साथ ही, खाद्य मंत्रालय ने कहा कि कोलकाता और उसके विस्तारित महानगरीय क्षेत्र तथा असम में क्षेत्र विशेष की जरूरतों को देखते हुए स्टॉक सीमा 2,000 क्विंटल होगी। एक अक्टूबर से नए चीनी सत्र की शुरुआत के साथ त्योहारी अवधि में उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कदम उठा रही है।

पहले 4000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की थी : मंत्रालय ने कहा कि संशोधित नियमों का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में चीनी के अनावश्यक भंडारण को रोकना और मिलों से डीलर के जरिये अंतिम उपभोक्ता तक इसकी सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह कदम जमाखोरी, सट्टेबाजी और डीलर द्वारा स्टॉक जमा करने पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। इससे पहले अगस्त में सरकार ने डीलर के लिए देशभर में 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा तय की थी।

सिंतबर में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 21 फीसदी बढ़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वाहनों की बिक्री बढ़कर 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान
- मारुति सुजुकी की बिक्री में 34 प्रतिशत का उछाल
- प्रमुख कंपनियों ने दहाई अंक से अधिक वृद्धि दर्ज की
- त्योहारी मौसम से पहले कंपनियों ने डीलरों को आपूर्ति बढ़ाई

देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर करीब 21 प्रतिशत बढ़कर 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान है। इस दौरान प्रमुख वाहन कंपनियों ने दहाई अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की।

अक्टूबर में शुरू होने वाले त्योहारी मौसम से पहले वाहन कंपनियों ने डीलर को आपूर्ति बढ़ाई, जबकि मांग भी मजबूत बनी रही। एक साल पहले जीएसटी दरों में बदलाव से पहले करीब 22 दिन तक बिक्री प्रभावित होने के कारण आधार प्रभाव कम था। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू थोक बिक्री सितंबर में 37 प्रतिशत बढ़कर 1,81,838 इकाई हो गई। इस दौरान कंपनी का कुल निर्यात 44,219 इकाई पर लगभग स्थिर रहा।

अधिकारी पार्थो बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सितंबर में उद्योग की थोक बिक्री करीब 4.60 लाख इकाई रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की करीब 3.78 लाख इकाई से 20-21 प्रतिशत अधिक है। 15 प्रतिशत बढ़कर 68,810 इकाई, महिंद्रा एंड महिंद्रा की 14 प्रतिशत बढ़कर 64,092 इकाई और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री 10.9 प्रतिशत बढ़कर 57,166 इकाई रही।

होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री 26 फीसदी बढ़ी

कंपनी का निर्यात 36,638 वाहन से घटकर 27,330 वाहन रह गया। बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 2,39,771 इकाई रही, जो एक साल पहले 2,73,188 इकाई थी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की घरेलू बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 6,36,768 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 5,05,693 वाहन थी।

तीन करोड़ अंशधारकों को जोड़ने का लक्ष्य

अब यूपीआई ऐप से खोल सकेंगे एनपीएस खाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरपर्सन एस. रमन ने बृहस्पतिवार को 'एनपीएस तत्काल' योजना की शुरुआत की। इसके तहत अब यूपीआई ऐप के जरिये भी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खाता खोला जा सकेगा।

- इसकी शुरुआत भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यूपीआई ऐप के माध्यम से नए अंशधारकों को एनपीएस से जोड़ा जाएगा। इसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के भीम यूपीआई ऐप से की जा रही है। रमन ने कहा कि प्राधिकरण का अगले दो साल में एनपीएस से करीब दो से तीन करोड़ नए अंशधारक जोड़ने का लक्ष्य है। अब तक पांच बैंक 'एनपीएस तत्काल' से जुड़ चुके हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शामिल हैं।

पेंशन दायरा बढ़ाने में मदद मिलेगी : *इस योजना से मझोले (टियर 2) और छोटे शहरों (टियर 3) के शहरों में पेंशन दायरा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। पीएफआरडीए प्रमुख ने उम्मीद जताई कि असंगठित क्षेत्र से अधिक लोग 'एनपीएस तत्काल' के माध्यम से पेंशन योजना से जुड़ेंगे। अब तक ग्राहक भीम या बैंक के यूपीआई ऐप के जरिए सीधे एनपीएस से नहीं जुड़ सकते थे और न ही नया एनपीएस खाता खोल सकते थे।*





केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए एनपीएस अनिवार्य

एनपीएस के तहत व्यक्ति अपने कामकाजी वर्षों के दौरान अंशदान करते हैं और उनकी सेवानिवृत्ति बचत को बाजार से जुड़े निवेश माध्यमों में लगाया जाता है।

जनवरी 2004 से पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह एनपीएस

हालांकि, मौजूदा अंशधारक इसके जरिए बाद में अंशदान कर सकते थे। एनपीएस में औपचारिक रूप से शामिल होने के लिए अंशधारकों को पहले ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कर 'स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या' (पीआरएएन) प्राप्त करनी होती थी। सरकार ने एक जनवरी, 2004 को पुरानी पेंशन व्यवस्था की जगह अंशदान आधारित एनपीएस की शुरुआत की थी।

यूपीआई के जरिए अंशदान भी किया जा सकता है

रमन ने एनपीएस दिवस के अवसर पर कहा, ''हम वास्तव में अगले दो वर्षों में करीब दो से तीन करोड़ अंशधारकों के जुड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। एनपीएस तत्काल हमें एनपीएस की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा।'' एनपीएस तत्काल' के तहत केवाईसी सत्यापित बैंक खाते का उपयोग कर यूपीआई ऐप के माध्यम से एनपीएस खाता खोला जा सकता है और यूपीआई के जरिए अंशदान भी किया जा सकता है।

देश-विदेश के विद्वानों का होगा संगम, पंडित परिषद रहेगी विशेष आकर्षण

अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन के पंजीकरण की तिथि बढ़कर 10 अक्टूबर हुई

विद्यार्थियों में बढ़ा उत्साह, लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण; सम्मेलन की तैयारियाँ तेज



हरिद्वार। विश्वविद्यालय पतंजलि में आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन को लेकर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। सम्मेलन के लिए अब तक लगभग एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। विद्यार्थियों की बढ़ती सहभागिता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन से जुड़ने का अवसर प्रदान करने के लिए पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाई है।

अनेक विषयों पर शोध एवं अकादमिक विमर्श होगा

52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों, आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता होगी। सम्मेलन में संस्कृत, भारतीय दर्शन, धर्म, योग, आयुर्वेद, इतिहास, पुरातत्त्व, भाषाविज्ञान, पांडुलिपि विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली, साहित्य, कला एवं शिक्षा सहित अनेक विषयों पर शोध एवं अकादमिक विमर्श होगा। भारतीय अनुसंधान पद्धति, कुंभ रहस्यम्, भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत एवं संगणकीय भाषाविज्ञान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारतीय सौंदर्यशास्त्र एवं काव्यशास्त्र सहित अनेक समकालीन एवं महत्वपूर्ण विषय भी सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहेंगे।

सार्थक संवाद को बढ़ावा मिलेगा

सम्मेलन की विशिष्ट परंपरा पंडित परिषद भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें पारंपरिक शास्त्र-परंपराओं में प्रशिक्षित विद्वानों द्वारा गंभीर शास्त्रीय विमर्श एवं संवाद किया जाएगा। इसके माध्यम से प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक अकादमिक दृष्टिकोण के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा मिलेगा।

युवा शोधार्थियों को मिलेगा अवसर

सम्मेलन युवा शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को वरिष्ठ विद्वानों के समक्ष अपने मौलिक शोध प्रस्तुत करने तथा अकादमिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। शोध-सारांश एवं पूर्ण शोध-पत्र संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। शोध-पत्रों की अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दोहरा गुप्त सहकर्मी मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन की गौरवशाली परंपरा वर्ष 1918 से चली आ रही है। विश्वविद्यालय पतंजलि, हरिद्वार में आयोजित होने वाला 52वाँ सम्मेलन "विरासत का संरक्षण, भविष्य की प्रेरणा" की भावना के साथ भारत की प्राचीन ज्ञान-संपदा को नई पीढ़ी और वैश्विक अकादमिक जगत से जोड़ने का प्रयास करेगा। सम्मेलन से संबंधित पंजीकरण, शोध-सारांश, पूर्ण शोध-पत्र, शुल्क एवं अन्य जानकारी के लिए प्रतिभागी सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय पतंजलि, हरिद्वार, उत्तराखंड में किया जाएगा।

कचरा कल्चर की मानसिकता से उबरना जरूरी, स्वच्छता बने हमारी जिम्मेदारी



जबलपुर। स्वच्छता को केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी मानने के बजाय प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझना होगा। हमें 'कचरा कल्चर' की मानसिकता से ऊपर उठकर स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। यह बात जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पीआईबी भोपाल द्वारा विकसित भारत 2047 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित एक दिवसीय मीडिया वार्तालाप में कही। महापौर ने कहा कि जबलपुर कचरा निपटान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और दूसरे शहरों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने बताया कि भोपाल और प्रयागराज से भी कचरा निपटान के लिए जबलपुर आता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की बढ़ती भागीदारी से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। नगर निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन औसतन 300 से 400 ग्राम कचरा उत्पन्न करता है। तकनीक के उपयोग से कचरा निपटान अब समस्या के साथ आर्थिक अवसर भी बन रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम घरों से कचरा संग्रहण और उसके उचित निपटान की व्यवस्था प्रभावी ढंग से कर रहा है।

पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं पीआईबी की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। स्वच्छता समन्वयक गणेश राम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत निगम की गतिविधियों की जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक कृषि विभाग सीमा सराफ ने कृषि विभाग की योजनाओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी संदीप चौकसे ने किया तथा आभार सहायक निदेशक पीआईबी अजय प्रकाश उपाध्याय ने माना।

एलन कोटा में नीट-2027 की तैयारी के लिए स्पार्क प्रो बैच 12 अक्टूबर से



कोटा। एलन कोटा से नीट-यूजी 2027 की तैयारी के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने स्पार्क प्रो कोर्स की घोषणा की है। एडमिशन्स शुरू हो चुके हैं, क्लासेज 12 अक्टूबर से शुरू होगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि यह कोर्स 12वीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जो नीट यूजी 2027 की तैयारी को बेहतर और व्यवस्थित तरीके से शुरू करना चाहते हैं। कोर्स में कम्पलीट फीजिक्स, कैमेस्ट्री, बॉयलोजी के साथ एनसीईआरटी सिलेबस करवाया जाएगा। एनसीईआटी बेस्ट स्टडी मटीरियल दिया जाएगा। पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप और डाउट साल्विंग के साथ रेगुलर टेस्ट, स्पेशल क्वेश्चन बैंक और एआई-इनेबल्ड एप भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

नीट रिजल्ट्स पर 70 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप

स्पार्क प्रो कोर्स में एडमिशन्स पर नीट यूजी-2026 के रिजल्ट्स के आधार पर 70 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप ऑफर की जा रही है। नीट-2026 में आल इंडिया रैंक 35 हजार तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के बाद इस कोर्स का शुल्क 15600 रुपए तक होगा। इसके अलावा एआईआर-2 लाख तक के स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी जा रही है। काउंसलिंग के बाद अब जो स्टूडेंट्स नीट-यूजी 2027 की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए यह कोर्स विशेषरूप से अपनी परफोरमेंस बेहतर करने के लिए तैयार किया गया है। इससे विद्यार्थी अपनी तैयारी का आकलन कर सकेंगे और जिन विषयों में अधिक मेहनत की आवश्यकता है, उन पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए 86906 60111 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.allen.in** पर क्लिक करें।

स्टॉकिस्टों की सक्रियता और मंडियों में आवक घटने से दालों के भाव में तेज उछाल

दालों में फिर उबाल: तुअर 20 किलो महंगी, चना दाल 600 रुपए क्विंटल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

त्योहारी मांग को देखते हुए स्टॉकिस्टों की सक्रियता बढ़ी | आने वाले दिनों में कीमतों पर तेजी का दबाव बना रहेगा

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही दालों के दामों में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। देश के प्रमुख थोक बाजारों में पिछले एक महीने के दौरान चना, तुअर, मूंग, उड़द और मसूर सहित प्रमुख दलहनों के भाव तेजी से बढ़े हैं। इसका असर अब भोपाल के थोक बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ते भाव ने आम उपभोक्ताओं के रसोई बजट पर दबाव बढ़ा दिया है।

थोक कारोबारियों के मुताबिक त्योहारी मांग को देखते हुए स्टॉकिस्टों की सक्रियता बढ़ी है। वहीं कृषि उपज मंडियों में दलहन की आवक कम होने से बाजार में उपलब्धता प्रभावित हुई है। मांग और उपलब्धता के बीच बने इस अंतर के कारण दालों के भाव में तेज उछाल आया है। कारोबारियों का कहना है कि यदि मंडियों में आवक सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। हनुमानगंज के थोक व्यापारी एवं भोपाल चावल-दाल थोक व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार तुअर दाल के भाव में करीब 20 रुपए प्रति किलो, यानी 2,000 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई है।

फुटकर बाजार में बढ़े दाम

हनुमानगंज के स्थानीय थोक बाजार में गुणवत्ता के अनुसार तुअर दाल के भाव बढ़कर 12,000 से 13,500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। चना दाल के भाव में भी करीब 600 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई है। वर्तमान में चना दाल 10,000 से 11,000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर कारोबार कर रही है।



भोपाल के थोक बाजार में अन्य प्रमुख दालों के भाव भी इस प्रकार रहे

मसूर दाल	7,800 से 8,200	रुपए प्रति क्विंटल
उड़द दाल काली	11,000 से 11,500	रुपए प्रति क्विंटल
उड़द दाल धुली	11,500 से 13,000	रुपए प्रति क्विंटल
मूंग दाल छिलका	9,600 से 10,500	रुपए प्रति क्विंटल
मूंग दाल धुली	10,000 से 12,000	रुपए प्रति क्विंटल

कर्नाटक-महाराष्ट्र में कम बारिश से उत्पादन पर चिंता

दालों की बढ़ती कीमतों के बीच अब मौसम की बेरुखी ने भी कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारियों के अनुसार कर्नाटक और महाराष्ट्र में सामान्य से कम बारिश होने के कारण दलहन फसलों के उत्पादन को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। इसका असर आने वाले दिनों में दालों की उपलब्धता और कीमतों पर पड़ सकता है। रबी फसलों की बुवाई को लेकर भी बाजार की नजर मौसम की स्थिति पर बनी हुई है। यदि रबी सीजन में पर्याप्त नमी और अनुकूल मौसम नहीं मिला तो दलहन उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में पहले से तेजी झेल रहे दाल बाजार में आगे आपूर्ति को लेकर दबाव बढ़ सकता है।

होंडा की बिक्री में बढ़ोतरी पहली छमाही में 34.40 लाख यूनिट्स बिकीं

गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में शानदार बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान कुल 34.40 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 29.93 लाख यूनिट्स की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के प्रदर्शन में घरेलू बाजार के साथ-साथ एक्सपोर्ट में भी मजबूत वृद्धि देखने को मिली। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान एचएमएसआई की घरेलू बिक्री 30.44 लाख यूनिट्स रही, जो पिछले साल की समान अवधि की 26.82 लाख यूनिट्स के मुकाबले 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। कंपनी ने इस दौरान 3.96 लाख यूनिट्स का एक्सपोर्ट किया। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 3.11 लाख यूनिट्स के एक्सपोर्ट की तुलना में यह 27 प्रतिशत की सालाना वृद्धि है।सितंबर 2026 में भी एचएमएसआई ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। कंपनी ने महीने के दौरान कुल 7.06 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जबकि सितंबर 2025 में यह आंकड़ा 5.68 लाख यूनिट्स था। इस तरह कंपनी की कुल बिक्री में साल-दर-साल 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एसएंडपी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एसएंडपी ग्लोबल इंडिया रिसर्च चैप्टर की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया फॉरवर्ड : रीइमैजिनिंग ग्रोथ' के अनुसार अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 में विकास दर घटकर करीब 7 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के विकास का अगला चरण उसकी मैक्रोइकोनॉमिक मजबूती को लगातार आर्थिक रफ्तार में बदलने की क्षमता पर निर्भर करेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अध्यक्ष यान ले पैलेक ने कहा कि प्रतिस्पर्धी संघवाद, पूंजी बाजार, बेहतर वित्तीय मध्यस्थता और बुनियादी ढांचे के विकास से आर्थिक गति को आगे बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में ऊर्जा सुरक्षा को भी प्रमुख चुनौती बताया गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति में व्यवधान के चलते भारत को कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति में क्रमशः 20 और 12 प्रतिशत की कमी का सामना करना पड़ा है। एसएंडपी ग्लोबल ने ऊर्जा स्रोतों में विविधता, रणनीतिक भंडार और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर जोर दिया है।

40 शिक्षकों के लिए छह दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम

अहमदाबाद। ओडिशा के उच्च शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के 40 शिक्षकों के लिए अहमदाबाद स्थित उद्यमिता विकास संस्थान में छह दिवसीय शिक्षक मार्गदर्शक विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की घोषणा ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री ने पिछले महीने संस्थान के दौरे के दौरान की थी। इसके बाद 5 सितंबर को भुवनेश्वर में कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। उच्च शिक्षा विभाग ने पहले चरण के लिए 40 शिक्षकों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण के लिए अहमदाबाद भेजा। कार्यक्रम के समापन पर सभी शिक्षकों ने अपनी व्यक्तिगत कार्ययोजना प्रस्तुत की।

रोहित बने फ्रेयर एनर्जी के ब्रांड एंबेसडर

हैदराबाद। प्रमुख रेसिडेंशियल रूफटॉप सोलर कंपनियों में शामिल फ्रेयर एनर्जी ने भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस साझेदारी के साथ कंपनी ने अपना राष्ट्रव्यापी अभियान 'सोलर हो, तो फ्रेयर हो! भी लांच किया। अभियान का मुख्य संदेश यह है कि रूफटॉप सोलर करीब 30 साल का निवेश है, इसलिए परिवारों को ऐसी कंपनी का चुनाव करना चाहिए जो लंबे समय तक भरोसेमंद प्रदर्शन और सेवा दे सके।

बेचना है
बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100.x 50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर/05/अक्टू.)



सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

प्रधान आयुक्त ने कहा- व्यापारी रिफंड पाने के हकदार

रूल 86बी के मामलों में व्यापारियों को राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी के रूल 86बी से जुड़े मामलों में व्यापारियों को हो रही परेशानी को लेकर टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सीजीएसटी भोपाल की प्रधान आयुक्त सुश्री एन. पद्मश्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों को राहत देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पारख, सचिव धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ कर सलाहकार भूपेश खुराफिया, एडवोकेट पलाश खुरापिया, जयंत जोशी और सीए विकास अग्रवाल उपस्थित रहे। एसोसिएशन ने बताया कि रूल 86बी के तहत जिन कारोबारियों की मासिक कर योग्य बिक्री 50 लाख रुपए से अधिक है, उन्हें कुल टैक्स देयता का कम से कम एक प्रतिशत हिस्सा नकद के माध्यम से जमा करना होता है। कई मामलों में जानकारी के अभाव या भूलवश व्यापारियों ने पूरी टैक्स देयता इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से जमा कर दी। ऐसे मामलों में सरकार को पूरा टैक्स प्राप्त हो चुका है, लेकिन एक प्रतिशत की राशि नकद के बजाय क्रेडिट के माध्यम से जमा हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जांच और ऑडिट के दौरान विभागीय अधिकारी ऐसे मामलों को जीएसटी कानून की धारा 74 के तहत ले रहे हैं तथा ब्याज और पेनल्टी की मांग की जा रही है।


प्रधान आयुक्त एन पद्मश्री को ज्ञापन सौंपते हुए

शब्द पहेली - 6365

बाएँ से दाए
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

ऊपर से नीचे
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

शब्द पहेली- 6364 का हल

ग	र	म	म	सा	ला	■	क	दा	चा	र
ती	खा	■	हा	■	चा	क	र	■	र	वा
वि	■	अ	ज	ग	र	■	म	ल	■	य
धी	मा	प	न	■	■	म	■	की	म	त
ही	■	ल	■	श	ता	न	न	■	जा	■
न	म	क	दा	ली	■	मा	न	सि	क	ता
■	क	■	म	च	ल	ना	■	या	■	र
अ	र	ज	■	र	■	■	ऐ	य	व	त
ह	■	स	द	■	न	रो	त	म	■	म्य
म	न	■	ख्र	स	म	■	था	■	टा	पू
क	र	त	ल	■	श	य	र	त	पू	र्ण

सूडोकु नवताल - 6375

कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक को पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6374 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

© MANGAL SEHACHA, BANGALORE

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडमः हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

दक्षिण अफ्रीकाः दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।

संयुक्त राज्य अमेरिकाः महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापानः परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएंः स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता
वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।

अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के



ड्राइंगः इलीना

किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताबः नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकारः** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्यः** 199 रुपए, **प्रकाशकः** नमन प्रकाशन, लखनऊ

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

कहानी
सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



ड्राइंगः इलीना

पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल




ड्राइंगः इलीना

दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तरः 1. गांधी जी की कलाई पर घड़ी बंधी है। 2. गांधी जी के सामने रखी मेज पर दवात नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. चौके दीवार पर बनी टेक में अंकित कितने रखी है। 5. चित्र के दाईं तरफ ऊपर की ओर एक हैंडल है। 6. चौके दिख रही खोपड़ी का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. चौके रखे चरखे की तीलियां अलग डिजाइन की हैं।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तरः D

एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आखिरी मिनट में गोल दागकर अभिषेक ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम लचर प्रदर्शन के बावजूद आखिरी मिनट में अभिषेक के गोल की मदद से बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। भारत ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन दूसरा हाफ पाकिस्तान के नाम रहा जिसने तीन गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूटआउट तक जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले अभिषेक ने गोल करके भारत को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल शनिवार को खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना मलेशिया या कोरिया से होगा।



पहले हाफ के बाद भारत ने बनाई 3-1 से बढ़त

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और 5वें मिनट में ही बढ़त बना दी। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह ने गोल करके खाता खोल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने ही 13वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर को फिर गोल में तब्दील किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 23वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-0 किया। भारत के दबदबे के बाद दूसरे क्वार्टर में अबु मोहम्मद ने गोल किया। उन्होंने मैच के 30वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया।

रोचक रहा दूसरा हाफ

तीसरे क्वार्टर के दौरान 36वें मिनट में पाकिस्तान ने बाएं छोर से गोल करने का प्रयास किया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने अपनी मुस्तैदी से असफल किया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले शाहिद हनान ने एक गोल करके स्कोर 2-3 कर दिया। वहीं चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पाकिस्तान से वाहिद राणा ने गोल करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी मिनट में अभिषेक ने गोल करते हुए भारत को 4-3 से जीत दिलाई।

1998 के बाद भारत के लिए हुआ ये कारनामा

भारतीय महिला हॉकी टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऐसे में 1998 के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमें फाइनल में पहुंची थी। बता दें कि 1998 में हांगकांग खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनल्टी में हराते हुए स्वर्ण जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम को फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार मिली थी।

भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीम को कांस्य पदक

नागोया। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम का बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता में अपना खिताब बचाए रखने का सपना टूट गया और सेमीफाइनल में मलेशिया से 1-2 से हारने के कारण उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम भी तन्वी खन्ना की शानदार वापसी के बावजूद हांगकांग से 1-2 से हार गई और उसने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक से किया। महिला वर्ग में स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह की पहले मैच में हार निर्णायक साबित हुई। स्क्वाश में कुल मिलाकर भारत ने एकल में दो रजत पदक, टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक और मिश्रित युगल में एक कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।



सेफा. में सिर्फ तनवी ने ही जीता मैच

भारत से अनाहत सिंह हांगकांग के चान सिन युक से 2-3 से हार गईं। शुरुआती 2 गेम अनाहत ने 11-9, 11-8 से जीते, लेकिन इसके बाद चान ने वापसी करते हुए अगले 3 गेम अपने नाम किए। दूसरे मुकाबले में तनवी खन्ना ने बराबरी दिलाई। उन्होंने अपने से बेहतर रैंक वाली ली का यी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हो जेलोक के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

स्क्वाश में भारत ने जीता चौथा पदक

एशियाई खेल 2026 में यह भारत को स्क्वाश में मिलने वाला कुल चौथा पदक है। उनसे पहले पुरुष एकल के फाइनल में अभय सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में मलेशिया के एन यो एनजी ने अभय को 3-0 से हराया। अनाहत को भी महिला एकल वर्ग में रजत मिला। वहीं, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ 1-2 से हार मिली और कांस्य पदक से संतोष किया।

भारत का सेपकटेकरा में पदक पक्का



नागोया। भारत का एशियाई खेलों की सेपकटेकरा पुरूष 'क्वाड्रेंट' स्पर्धा में पदक पक्का हो गया जब टीम म्यामांर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अपना अजेय अभियान कायम रखते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने म्यामांर को 10-15, 15-13, 15-7 से हराया। इससे पहले वियतनाम को 15-12, 15-9 से मात दी थी। ग्रुप बी में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जायेगा।

फ्रांसिस और नोबल ने पुरुष स्किफ में रजत पदक जीता

गामागोरी सिटी। भारतीय जोड़ी मनु फ्रांसिस और कुरिसिंकल नोबल ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की सेलिंग प्रतियोगिता में पुरुष स्किफ की नौवीं रेस में रजत पदक जीता। फ्रांसिस और नोबल ने नौ रेस के बाद कुल 23 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे। दोनों भारतीय खिलाड़ी जो एर्नाकुलम के रहने वाले और आपस में ममेरे भाई हैं। चीन की जोड़ी ने 16 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में सबसे कम कुल अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। चीन की टीम में वेन जैडिंग और लियू तियान शामिल थे। हांगकांग चीन के अकिरा ल्यूक साकाई और रसेल आयल्सवर्थ ने 24 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।



क्या होता है स्किफ सेलिंग खेल

पुरुष स्किफ सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और कुल अंक सबसे कम होने पर जीत दर्ज होती है। स्किफ छोटी और हल्की नौकाएं होती हैं।

विनाशकारी बाढ़ में खो गया नोबल का परिवार

केरल में 2018 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले मछुआरे के बेटे नोबल ने कहा कि अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना विशेष एहसास है। नोबल ने फाइनल के बाद कहा यह कड़ी प्रतियोगिता थी और हमने रजत पदक जीत लिया।''दोनों मुंबई स्थित आर्मी यॉटिंग नोड में प्रशिक्षण लेते हैं। फ्रांसिस ने कहा, ''यह बहुत कठिन था। हवा तेज थी। हम तेज हवा वाली परिस्थितियों में ज्यादा सहज नहीं हैं। लेकिन हम टिके रहे और किसी तरह रजत पदक जीत लिया।

खबर संक्षेप



यिबिंग के खिलाफ हारे नागल टेनिस में अभियान समाप्त

नागोया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को बृहस्पतिवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा जिससे एशियाई खेलों में भारत का टेनिस अभियान बिना किसी पदक के समाप्त हो गया। यिबिंग ने 29 वर्षीय नागल को एक घंटे 38 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इसके साथ ही भारत का टेनिस अभियान पदक के बिना समाप्त हो गया। यह 1986 के बाद पहली बार है जब भारत एशियाई खेलों में टेनिस का एक भी पदक नहीं जीत सका।

भारत की वनडे टीम में कंबोज टी20 के लिए धीर शामिल



गुवाहाटी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मुल्लांपुर में शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर टीम में शामिल किया गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी बाहर करने का फैसला किया। यह फैसला न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सुंदर अब तमिलनाडु के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। कंबोज फिलहाल पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेल रहे हैं।

नितेश ने रजत जीता, भारत का ग्रीको रोमन में चैंपियन का इंतजार जारी



नागोया। नितेश सिवाच को बृहस्पतिवार को यहां जापान के यूरी नाकाजातो से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियाई खेलों में ग्रीको रोमन शैली के चैंपियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। नितेश आखिर में 0-4 से हार गए। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1962 में मालवा सिंह (52 किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (97 किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे।



ऐसा रहे दोनों के दांवपेंच

नाकाज़ातो ने पहले पीरियड के अंत तक 2-0 की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लॉक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया।

प्रणवी के 63 के कार्ड से भारत दोहरे पदक की दौड़ में

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय गोल्फर प्रणवी शरथ उर्स ने एशियाई खेलों की महिलाा गोल्फ प्रतियोगिता के दौरान सात अंडर 63 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह अकेले दूसरे स्थान पर बनी हुइ हैं। वह सिंगापुर की शेनोन टान से दो शॉट पीछे हैं।

उन्होंने पहले छह होल में चार बर्डी लगाईं और 13वें से 16वें होल के बीच शानदार प्रदर्शन में तीन और बर्डी जोड़ीं और 63 के स्कोर ने उन्हें दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। प्रणवी अब शुक्रवार को तीसरे दौर में फाइनल ग्रुप में खेलेंगी। अभी 36 होल का खेल बाकी है। भारत अचानक पदकों की दौड़ में शामिल हो गया है संभवतः व्यक्तिगत और टीम दोनों में स्वर्ण पदक के लिए।



महिला टीम कांस्य पदक की स्थिति में

उनके शानदार प्रदर्शन ने महिला टीम प्रतियोगिता का भी रुख बदल दिया, जिससे भारत सात अंडर-पार 273 के स्कोर के साथ कांस्य-पदक की स्थिति में पहुंच गया। दीक्षा डागर (71-73) संयुक्त 21वें और अदिति अशोक (71-74) संयुक्त 25वें स्थान पर रहीं। प्रत्येक दौर में टीम पदकों के लिए दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर गिने जाते हैं। प्रणवी का दो दौर का कुल स्कोर 11 अंडर पार 129 है जिससे वह शीर्ष से सिर्फ दो शॉट पीछे हैं।

भारतीय जूडोका इनुंगम्बी कांस्य का मुकाबला हारीं

नागोया। भारतीय जूडोका इनुंगाम्बी टी एशियाई खेलों में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में मंगोलिया की अनुजिन उरान उलजी से कांस्य पदक का मुकाबला हार गई। अनुजिन ने चार मिनट के मुकाबले के बाद वाजा आरी से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में इनुंगम्बी ने अनुजिन के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया। वीडियो रिव्यू से स्कोरबोर्ड बदलने तक किसी भी खिलाड़ी ने स्कोर नहीं किया था, जिससे अनुजिन को फ्लिप के लिए युको मिल गया और मंगोलियन फाइटर 2-0 से आगे हो गई।



तीरंदाजी

गणेश ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य



एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया। भारत के 20 वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 तीर 10 अंक पर लगाए। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ 144-148 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

भारतीय तीरंदाज मुमकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः 29-30, 29-30, 29-28, 29-30, 28-30 से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को 148-138 से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उनका स्कोर 29-28, 29-28, 30-29, 30-26, 30-27 रहा।

चिकिता पदक की हैट्रिक से चूकीं

चिकिता तनीपार्थी हालांकि कंपाउंड वर्ग में पदक की हैट्रिक बनाने से चूक गईं। उन्होंने बुधवार को महिला टीम और मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते थे। हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में उन्हें इंडोनेशिया की नुरिसा दियान अशरीफाह के हाथों 143-144 से हार का सामना करना पड़ा। पांचवें चरण के पहले शॉट में आठ अंक हासिल करने का चिकिता को खामियाजा भुगतना पड़ा और अंततः उन्होंने एक अंक के अंतर से मुकाबला गंवा दिया।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से दी मात

भारत ने श्रीलंका को हराया, फाइनल में भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| निशिन

कठिन पिच पर ईशान किशन के 46 गेंद में नाबाद 80 रन की मदद से भारत ने एशियाई खेलों के पुरूष क्रिकेट सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को श्रीलंका को 124 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली जहां सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

ईशान के 80 रन और वैभव सूर्यवंशी के 21 गेंद में 38 रन की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सात विकेट पर 169 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका ने पावरप्ले के भीतर ही छह विकेट 31 रन पर गंवा दिये थे और पूरी टीम 9.5 ओवर में 45 रन पर आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने पहली दो गेंदों पर ही दो विकेट ले लिये जिसके बाद अक्षर पटेल ने भी दो विकेट लिये। श्रीलंका के दो बल्लेबाज रन आउट भी हुए। श्रीलंका अब कांस्य पदक के लिये बांग्लादेश से खेलेगा जबकि भारत का सामना फाइनल में पाकिस्तान से होगा। दोनों मैच शनिवार को खेले जायेंगे।



किशन ने लगाया अपना 13वां अर्धशतक

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत ने जब 59 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब किशन क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए कठिन नजर आ रही पिच पर श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ आकर्षक शॉट लगाए और 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 46 गेंदों में 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 13वां अर्धशतक साबित हुआ।

निचले क्रम में सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय

किशन नंबर-5 या उससे निचले क्रम पर सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने मनीष पांडे का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। बता दें कि पांडे ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में नाबाद 79 रन बनाए थे। इस सूची में युवराज सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2013 में राजकोट में नाबाद 77 रन की पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (71 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2022) भी सूची का हिस्सा हैं।

भारतीय ट्रैक साइकिल चालक ओमनीम स्प्रिंट व मैडिसन स्पर्धाओं में बाहर

नागोया। भारतीय साइकिल चालक पुरुषों के ओमनीम, महिलाओं की स्प्रिंट और मैडिसन स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और एशियाई खेलों की इस प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को जल्दी बाहर हो गए। हर्षवीर सिंह सेखों ने पुरुषों के ओमनीम के चारों प्रकार स्क्रैच रेस, टेम्पो रेस, एलिमिनेशन रेस और पॉइंट्स रेस में भाग लिया लेकिन वह 10वें स्थान पर रहकर बाहर हो गए। महिलाओं की स्प्रिंट स्पर्धा में कीर्ति रंगास्वामी चिक्का और सेलेस्टिना दोनों ने क्वालीफाइंग राउंड पार करके अंतिम 16 में जगह बनाई थी लेकिन वह इससे आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय खिलाड़ियों ने महिला मैडिसन फाइनल में भी हिस्सा लिया लेकिन हर्षिता जाखड़, स्वास्ति सिंह और मीनाक्षी की भारतीय टीम रेस पूरी नहीं कर पाई। भारत का ट्रैक साइकिलिंग में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे अभी साइकिलिंग की कुछ अन्य स्पर्धाओं में भी भाग लेना है।

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को भी रिपोर्ट देने कहा

28 जिलों के धान परिवहन की जांच रिपोर्ट के लिए सरकार को छह सप्ताह की मोहलत

43.03 करोड़ के जबलपुर धान परिवहन घोटाले के बाद प्रदेशभर में जांच का मामला, अगली सुनवाई 16 नवंबर को



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में सामने आए 43.03 करोड़ रुपये के कथित धान परिवहन घोटाले के बाद प्रदेश के 28 जिलों में हुई जांच की रिपोर्ट पेश करने के लिए राज्य सरकार को छह सप्ताह का समय दिया है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया कि सरकार जांच रिपोर्ट की एक प्रति याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को भी उपलब्ध कराए, ताकि रिपोर्ट का अध्ययन कर उस पर अपना पक्ष रखा जा सके। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपाण्डे और धनीराम लखेरा की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। आरोप लगाया गया है कि धान के परिवहन और आपूर्ति की निगरानी के लिए जीपीएस संबंधी स्पष्ट व्यवस्था होने के बावजूद उसका प्रभावी पालन नहीं किया गया। जबलपुर में कलेक्टर की कार्रवाई के दौरान 43.03 करोड़ रुपये के कथित धान परिवहन घोटाले का खुलासा हुआ था। मामले में एफआइआर दर्ज होने के साथ कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि धान परिवहन में सामने आई अनियमितताएं केवल जबलपुर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसी गड़बड़ियां होने की आशंका है। इसी आधार पर प्रदेशभर में जांच सीबीआई या सीआईडी से कराने की मांग की गई है। हाई कोर्ट ने 14 अगस्त को सभी जिलों के कलेक्टरों से जांच रिपोर्ट मांगी थी। सुनवाई के दौरान सरकार ने विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए छह सप्ताह का समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय, शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता नीलेश यादव, ईओडब्ल्यू की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे और नागरिक आपूर्ति निगम की ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे उपस्थित रहे।

644.85 करोड़ की मंजूरी के बाद हाई कोर्ट सख्त

अब कागजों से बाहर निकालो न्यायिक भवनों के प्रोजेक्ट

जबलपुर। प्रदेश में नई न्यायालयीन इमारतों के निर्माण को लेकर हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने 644.85 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन ने इसके बाद स्पष्ट किया कि केवल वित्तीय स्वीकृति पर्याप्त नहीं है, अब परियोजनाओं का काम जमीन पर शुरू किया जाए। बेंच ने कोर्ट मित्र को प्रदेश के अन्य जिलों में न्यायालयीन भवनों और संबंधित परियोजनाओं की जरूरत का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह ने कोर्ट को बताया कि गत सात सितंबर को न्यायपालिका की विभिन्न परियोजनाओं के लिए 644.85 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इनमें 600 करोड़ रुपये विभिन्न न्यायिक परियोजनाओं और 44.85 करोड़ रुपये अनूपपुर जिला न्यायालय की नई इमारत के लिए हैं। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं का क्रियान्वयन शुरू किया जाए। मामला अनूपपुर के अधिवक्ता बासुदेव चटर्जी की जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिका के अनुसार अनूपपुर जिला न्यायालय वर्ष 2009 से किराए के भवन में संचालित है और नई इमारत का प्रस्ताव तीन फरवरी 2021 से लंबित था। 28 जुलाई की सुनवाई में हाई कोर्ट ने वित्त सचिव और विधि सचिव को तलब किया था। 12 अगस्त को दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में सुनवाई हुई थी। बुधवार को सरकार ने वित्तीय मंजूरी का विवरण पेश किया। कोर्ट ने कोर्ट मित्र अंशुमान सिंह से अन्य जिलों की जरूरतों की रिपोर्ट भी मांगी। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली उपस्थित रहे।

महाकौशल-विंध्य और बुंदेलखंड के हिस्सों को मिलाने की मांग पर बन रही रूपरेखा, राजनीतिक दलों के रुख पर टिकी नजर

पूर्वी प्रदेश' के नाम पर नए राज्य की चर्चा तेज...!

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश के महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड के कुछ हिस्सों को मिलाकर अलग राज्य बनाने की मांग एक बार फिर चर्चा में है। इस बीच अलग राज्य के समर्थकों के बीच 'पूर्वी प्रदेश' नाम को लेकर भी विचार-विमर्श की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी इस नाम या प्रस्तावित राज्य की सीमाओं को लेकर कोई औपचारिक सहमति नहीं बनी है।

समर्थक संगठनों और क्षेत्रीय नेताओं के बीच अलग राज्य की मांग को लेकर एक साझा रूपरेखा तैयार करने की चर्चा चल रही है। इसमें विकास, रोजगार, उद्योग, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने रखने की बात कही जा रही है।

राजनीतिक समर्थन पर नजर

इस पूरी कवायद में राजनीतिक दलों के रुख को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समर्थक वर्ग का एक मत है कि यदि प्रमुख राजनीतिक दल अलग राज्य की मांग को समर्थन नहीं देते हैं तो भविष्य में गैर-दलीय मंच या अलग राजनीतिक संगठन के गठन पर विचार किया जा सकता है। हालांकि अभी किसी नए राजनीतिक संगठन के गठन की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

विवेक तन्खा उठा चुके हैं मुद्दा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी महाकौशल, विंध्य और बुंदेलखंड के विकास को लेकर अलग राज्य की जरूरत की बात सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। जून 2026 में जबलपुर में उन्होंने क्षेत्रीय विकास में असंतुलन का मुद्दा उठाते हुए जरूरत पड़ने पर अलग राज्य की मांग की बात कही थी। बाद में उन्होंने इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने की बात भी कही। हालांकि तन्खा के बयान को कांग्रेस का आधिकारिक निर्णय या पार्टी की घोषित नीति नहीं माना जा सकता। अलग राज्य के मुद्दे पर प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों की औपचारिक स्थिति अभी स्पष्ट होना बाकी है।

मांग के सामने आर्थिक और प्रशासनिक सवाल

अलग राज्य की मांग के साथ अब यह सवाल भी महत्वपूर्ण होगा कि प्रस्तावित राज्य की आर्थिक क्षमता क्या होगी, राजस्व और प्राकृतिक संसाधनों का स्वरूप कैसा होगा तथा नए प्रशासनिक ढांचे की लागत कितनी होगी। इसके अलावा परिसंपत्तियों, कर्मचारियों, संस्थानों और संसाधनों के बंटवारे जैसे मुद्दे भी भविष्य में महत्वपूर्ण होंगे। फिलहाल सरकार की ओर से अलग राज्य के गठन को लेकर कोई औपचारिक पहल सामने नहीं आई है। ऐसे में आने वाले दिनों में क्षेत्रीय संगठनों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों की सक्रियता इस मुद्दे की दिशा तय कर सकती है।

'पूर्वी प्रदेश' नाम पर क्या बनती है सहमति?

- प्रस्तावित राज्य की सीमा कितने जिलों तक होगी?
- राजनीतिक दल इस मांग पर क्या रुख अपनाते हैं?
- क्या अलग राज्य के लिए साझा क्षेत्रीय मंच बन पाएगा?
- दलों से समर्थन नहीं मिला तो क्या नया राजनीतिक संगठन बनेगा?

राशन दुकानों पर लगा ताला, प्रदेशभर में एक सप्ताह की हड़ताल

जबलपुर। प्रदेश की 26 हजार से अधिक राशन दुकानों के साथ शहर की 440 दुकानों पर गुरुवार से ताले लटक गए। राशन दुकान संचालकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक सप्ताह की हड़ताल शुरू की है। संचालकों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। राशन दुकान संचालकों का कहना है कि उन्हें घटिया खाद्यान्न मिलने के साथ कमीशन का भुगतान भी लंबे समय से लंबित है। उनका दावा है कि वर्ष 2014-15 का कमीशन अब तक नहीं मिला है, जिससे आर्थिक परेशानी बढ़ रही है। समस्याओं के संबंध में विभाग को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने पर प्रदेशभर के विक्रेताओं ने हड़ताल का निर्णय लिया है। संचालकों ने कहा कि दुकानें बंद करने का फैसला उनकी मजबूरी है, क्योंकि इससे गरीब उपभोक्ताओं को परेशानी होगी, जिसका उन्हें भी अफसोस है।

चिकित्सकीय परिस्थितियों और स्थानांतरण नीति के उल्लंघन का हवाला

एक वर्ष में पांच तबादले!

जूनियर सप्लाई आफिसर के स्थानांतरण पर रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक वर्ष में पांच बार स्थानांतरण से प्रभावित जूनियर सप्लाई आफिसर के स्थानांतरण आदेश के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने मामले में राज्य शासन सहित संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

याचिकाकर्ता का सागर से अलीराजपुर स्थानांतरण किया गया था। अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी ने न्यायालय को बताया कि पिछले एक वर्ष में याचिकाकर्ता का पांच बार स्थानांतरण किया गया। लगातार तबादलों के कारण उसे बार-बार पदस्थापना स्थल बदलना पड़ा। याचिका में मध्यप्रदेश की स्थानांतरण नीति के क्लाज-19 के उल्लंघन का भी हवाला दिया गया।

याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि उसकी मां और पत्नी दोनों को चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता है। इस संबंध में मेडिकल दस्तावेज भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इन्हीं परिस्थितियों और स्थानांतरण नीति के प्रावधानों को आधार बनाकर अंतरिम राहत की मांग की गई थी। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने 13 जून 2026 और 21 सितंबर 2026 को जारी विवादित स्थानांतरण आदेशों के प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। इसके चलते फिलहाल याचिकाकर्ता सागर में वर्तमान पदस्थापना पर कार्यरत रह सकेगा।

11.94 करोड़ के आनलाइन गेमिंग घोटाले के आरोपित को राहत नहीं, दूसरी जमानत अर्जी निरस्त

जबलपुर। आनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी और कथित फर्जी फर्म के जरिए 11.94 करोड़ रुपये के लेन-देन से जुड़े मामले में कटनी निवासी आरोपित हिमांशु सोमवानी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। जस्टिस अमित लाहोटी की सिंगल बेंच ने उसकी दूसरी जमानत अर्जी भी निरस्त कर दी। कोर्ट ने मामले में बड़ी धनराशि के लेन-देन और विशेष जांच दल (एसआईटी) की जारी जांच को ध्यान में रखा।

शिकायत कर्ता ओम प्रकाश उर्फ ओपी बर्मन ने 30 मार्च 2026 को कटनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि उसके आधार कार्ड, पैन कार्ड और फोटो का कथित रूप से दुरुपयोग कर उसकी जानकारी व सहमति के बिना कटनी कंप नाम से फर्म खोली गई। इसके नाम से बैंक खाता खोलकर आनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े लेन-देन किए गए। जांच में सामने आया कि दो फरवरी 2025 से एक अप्रैल 2026 के बीच संबंधित खाते में करीब 11.94 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। आरोपी को 9 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया था। उसकी पहली जमानत अर्जी 22 जून को खारिज हो चुकी है। इसके बाद दूसरी याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने एसआईटी की जारी जांच को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमराई

मेडिकल कॉलेज में 5 दिन से जलसंकट!



जबलपुर। रमनगरा प्लांट की मेन राइजिंग पाइपलाइन में खराबी का असर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर भी पड़ा है। पिछले पांच दिनों से पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण अस्पताल के वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। जलसंकट का असर मरीजों के इलाज, आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर तक दिखाई दिया। अस्पताल परिसर में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली एससीएल यूडीएस आउटसोर्सिंग कंपनी ने भी पानी उपलब्ध नहीं होने पर काम करने में असमर्थता जताई।

कंपनी के काम से पीछे हटने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की व्यवस्था पर भी सवाल उठे। मेडिकल डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने कंपनी से साफ-सफाई के लिए पानी की व्यवस्था स्वयं करने को कहा, जिसके बाद कंपनी ने परिसर की सफाई से किनारा कर लिया। पांच दिन बाद जलापूर्ति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाएं अभी पूरी तरह पटरी पर नहीं आई हैं।

ननि की जलापूर्ति पर निर्भर अस्पताल

करोड़ों रुपये के भवन रखरखाव और स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च होने के बावजूद मेडिकल कॉलेज में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए प्रबंधन मुख्य रूप से नगर निगम की जलापूर्ति पर निर्भर है। अस्पताल की ऊपरी मंजिलों के वार्डों में जलसंकट की समस्या पहले से बनी रहती है। वहीं भूजल के सीधे उपयोग के लिए भी अस्पताल परिसर में प्रभावी आपूर्ति व्यवस्था नहीं है।

मरीजों की सुविधाओं पर सीधा असर

पानी की कमी के चलते वार्डों की नियमित सफाई प्रभावित होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आपातकालीन विभाग से लेकर ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर तक जलसंकट का असर पहुंचा। पांच दिनों तक चली समस्या ने बड़े अस्पताल में वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

मप्र के पारेषण नेटवर्क में जुड़ा 418वां ईएचटी सबस्टेशन

जबलपुर। प्रदेश के विद्युत पारेषण नेटवर्क को और सुदृढ़ करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी का एक और एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सबस्टेशन ऊर्जीकृत कर दिया है। 50 एमवीए क्षमता वाला यह सबस्टेशन प्रदेश का 418वां ईएचटी सबस्टेशन है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इसके जुड़ने से प्रदेश की पारेषण प्रणाली को नई मजबूती मिली है।

श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए पारेषण क्षमता का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नया सबस्टेशन औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के साथ भविष्य की मांग पूरी करने में भी सहायक होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एमपी ट्रांसको के अभियंताओं और कार्मिकों को बधाई दी।



मैहर मेले में यात्री सुविधाओं को लेकर रेलवे और जिला प्रशासन की हुई बैठक

नवरात्र के दौरान मैहर में एम्बुलेंस और अतिरिक्त टिकट काउंटर की होगी व्यवस्था



जबलपुर। आगामी मैहर मेले के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में मेले के दौरान रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में होल्डिंग एरिया और पेयजल टैंकर उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। रेलवे के अनुसार सीएसआर के तहत विभिन्न सीमेंट कंपनियों द्वारा होल्डिंग एरिया एवं पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला प्रशासन की ओर से मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। मेले के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय, प्रतीक्षालय और खान-पान स्टॉल की पर्याप्त व्यवस्था के साथ अतिरिक्त पूछताछ काउंटर और टिकट काउंटर शुरू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मेले की अवधि में यात्रियों की संख्या को देखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन और नियमित ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खान, सतना एरिया मैनेजर नरेंद्र सिंह और मैहर स्टेशन प्रबंधक राजेश कुमार उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार जितेंद्र पटेल, सीएसपी महेंद्र कुमार चौहान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240